बीआईआईए ने आयकर विभाग के सहयोग से बीआईआईए हाउस में "नवीन आयकर अधिनियम, 2025" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री डी.एस. मीणा जी, आईआरएस, संयुक्त आयुक्त आयकर, अलवर ने की। इस अवसर पर आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री अशोक गुप्ता जी, आयकर अधिकारी, भिवाड़ी, श्री रामकुमार गुप्ता जी एवं श्री अनिल शर्मा जी, आयकर अधिकारी, अलवर भी उपस्थित रहे।

BIIA - Highlights

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)





03 June 2026

दिल्ली में भारत सरकार के माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव जी के साथ बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक।



09 June 2026

बीआईआईए द्वारा सीपीसीबी से अनुमोदित विक्रेता के साथ सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें एपीसीडी अनुपालन आवश्यकताओं, अनुमोदित निर्माताओं, नियामकीय प्रावधानों एवं उनके क्रियान्वयन से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



10 June 2026

मारुति सुजुकी एवं बीआईआईए के बीच हुए टाई-अप के अंतर्गत सदस्य उद्योगों एवं उनके कर्मचारियों को वाहन खरीद पर विशेष छूट एवं आकर्षक लाभ प्रदान किए जाएंगे, जिससे बीआईआईए सदस्यों को वाहन खरीद में विशेष सुविधा एवं लाभ प्राप्त होगा।



17 June 2026

बीआईआईए हाउस में आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में प्रमुख औद्योगिक समस्याओं, मासिक गतिविधियों की समीक्षा, चल रही पहलों, आधारभूत संरचना संबंधी मुद्दों तथा औद्योगिक विकास एवं सदस्य हितों से जुड़े भावी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई।



20 June 2026

बीआईआईए हाउस में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें वित्तीय एवं कराधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

BIIA - Highlights

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)





25 June 2026

बीआईआईए ने ज्ञान ज्योति शिक्षा समिति के सहयोग से बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (BTC), असम के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें कुशल जनशक्ति उपलब्धता, अप्रेंटिसशिप, NAPS/NATS के अवसरों, रोजगार सृजन तथा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।





16 July 2026

बीआईआईए हाउस में आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में उद्योगों से जुड़े प्रमुख मुद्दों, चल रही पहलों एवं महत्वपूर्ण नीतिगत विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, नए सदस्यों का सदस्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया।





22 July 2026

बीआईआईए ने जेवीवीएनएल एवं रीको के नवनियुक्त अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया तथा विद्युत फॉल्ट के त्वरित समाधान हेतु फॉल्ट डिटेक्शन मशीनों के आवंटन, औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना में सुधार एवं उद्योगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने संबंधी विषयों पर सार्थक चर्चा की।

BIIA - Highlights

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)





05 August 2026

बीआईआईए ने राज्य कर विभाग अधिकारी श्री महेंद्र सिंह यादव जी, उपायुक्त, सर्किल-बी एवं श्रीमती नीतू सिंह राठौड़ जी, उपायुक्त, सर्किल-सी की सहभागिता में आईटीएमएस एवं नए वैट पोर्टल पर एक इंटरैक्टिव जागरूकता कार्यशाला आयोजित की, जिसमें अनुपालन ट्रैकिंग, वैट रिटर्न दाखिल करना, आरएमएस भुगतान प्रक्रिया एवं सदस्यों के प्रश्नों पर चर्चा की गई।





14 August 2026

बीआईआईए द्वारा श्री कैलाश चौधरी जी, उप पुलिस अधीक्षक, भिवाड़ी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआईआईए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके सहयोग, समर्पण एवं सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



10 August 2026

बीआईआईए हाउस में ईएसआईसी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक (एम.एस.) श्री निलेश निकम जी के साथ बैठक में चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सा मशीनरी की कमी सहित प्रमुख ईएसआईसी संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई।



15 August 2026

बीआईआईए हाउस में 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान एवं गौरव को अभिव्यक्त किया गया।

BIIA - Highlights

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)





17 August 2026

बीआईआईए ने बीआईआईए सभागार में वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस 2026 के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के प्रणेता एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री श्रद्धेय स्वामी विज्ञानानंद जी तथा विभिन्न औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी सम्मेलन एवं सहभागिता को लेकर चर्चा की।



21 August 2026

एमएसएमई द्वारा बीआईआईए एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के सहयोग से आयोजित वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम में बड़ी संख्या में सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) ने सहभागिता की।



26 August 2026

बीआईआईए के नेतृत्व में भारतीय उद्योग एवं व्यापार प्रतिनिधिमंडल १८–२७ सितंबर २०२६ तक बोलीविया में आयोजित एक्सपोक्रूज़ २०२६ में सहभागिता कर रहा है।





24 August 2026

बीआईआईए ने कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की, जिसमें प्रमुख औद्योगिक मुद्दों एवं चल रही पहलों की समीक्षा की गई। चार वर्षों की सफल यात्रा को स्मरण करते हुए निरंतर प्रगति एवं औद्योगिक हितों के लिए मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

BIIA - Highlights

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)

















19 September 2026

एक्सपोक्रूज़ 2026 - सांता क्रूज़, बोलिविया - लैटिन अमेरिका में आयोजित एक्सपोक्रूज़ 2026 में भारत के माननीय राजदूत श्री रोहित वधवान जी द्वारा भारतीय पवेलियन का भव्य उद्घाटन। BIIA द्वारा भिवाड़ी एवं आसपास के उद्योगों की एक्सपोक्रूज़ 2026 में भागीदारी का आयोजन एवं समन्वय किया गया।

YOUR WASTE, OUR RESPONSIBILITY

POLLUTION CONTROL BOARD AUTHORIZED RECYCLING AND DISPOSAL FACILITY



Sajjan Kumar Sharma
9828220074



Siddarth K Sharma
9816595345



Abhimanyu Sharma
9587751771

SPECIALIZATION:

- Non-hazardous waste (Iron, paper, plastic, wooden etc.)
- Hazardous waste (ETP sludge, Paint Sludge, Discarded container, Expired products, plating Sluge etc.)
- Electronic waste management
- Used oil
- Battery waste Management
- Food Waste Management
- Plastic Waste Management

OUR FIRMS :

TESSLA TRADE LINKERS
A-ONE ENVIRO WASTE MANAGEMENT
SUPER WASTE MANAGEMENT
ECO MANAGEMENT AND PROTECTION SERVICES

Facilities situated G1-494, RIICO Industrial Area, Chopanki, Bhiwadi
E-mail : admin@wastemanagement.today, tesslatrade@gmail.com

बीआईआईए कॉन्फ्रेंस हॉल में जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 सेमिनार संपन्न

अधिकारियों ने बताए नए सुधार, उद्योग जगत को मिलेगा लाभ

अलवर न्यूज

भिवाड़ी। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) के कॉन्फ्रेंस हॉल, कहरानी में शुक्रवार को जीएसटी विभाग द्वारा 'जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 एवं प्रमुख अपडेट्स' विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में BIIA की ओर से मानद सचिव हरीश गौड़ ने सभी विभागीय अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि यह सेमिनार उद्योगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, क्योंकि इससे उन्हें नवीनतम कर सुधारों और अनुपालन आवश्यकताओं पर प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होगी।



सेमिनार की अध्यक्षता अपर आयुक्त (एडीएम-एसजीएसटी) सुश्री निशी रानी ने की। इस अवसर पर उप आयुक्त महेंद्र सिंह यादव (सर्किल-ए), सहायक आयुक्त बृजमोहन सैनी तथा प्रीतम सिंह यादव उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद यह देश के अप्रत्यक्ष कर ढांचे की रीढ़ बन चुका है। अब प्रस्तावित जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 से कर व्यवस्था और अधिक सरल, पारदर्शी एवं उद्योग हितैषी बनेगी। हाल ही में संपन्न 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में दरों का सरलीकरण कर दो स्लैब संरचना (5' और 18') लागू करने की सिफारिश की गई है, जिससे आम उपभोक्ता, किसान, एमएसएमई, स्वास्थ्य क्षेत्र तथा श्रम प्रधान उद्योगों को सीधा लाभ होगा। नई दरें एवं छूटें 22 सितम्बर 2025 से लागू होंगी, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर वर्तमान दरें ही प्रभावी रहेंगी।

इस अवसर पर BIIA के मानद संरक्षक सतिंदर सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज, तथा उद्योग जगत से डी.के. यादव (श्री सीमेंट), सुनील यादव (सिसोलिया पैकेजिंग), जल प्रताप सिंह (मिसेज बेक्टर स्पेशलिटीज़ लिमिटेड) सहित अनेक प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सेमिनार के उपरांत एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग प्रतिनिधियों ने अपने प्रश्न रखे। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने सभी सवालों का समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि नीतिगत ढांचे में कुछ शुरुआती कठिनाइयाँ अवश्य हैं, परंतु इन्हें शीघ्र ही उच्च स्तर तक पहुंचाकर समाधान किया जाएगा।

पत्रिका

जीएसटी बचत उत्सव पर कार्यशाला, उद्यमियों ने बताया सराहनीय कदम



भिवाड़ी @ पत्रिका: जीएसटी बचत उत्सव को लेकर शुक्रवार को बीआईआईए सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अनेक व्यापारियों, करदाताओं, आमजन ने भाग लिया। जीएसटी कर दरों में किए गए सुधार एवं जीएसटी बचत उत्सव का व्यापारियों, करदाताओं ने स्वागत किया। कार्यशाला में अध्यक्ष प्रवीण लांबा, सीए बृजमोहन अग्रवाल, सचिव हरीश गौड़ सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे। वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) निशी रानी, उपायुक्त (राज्य कर) महेंद्र यादव, सहायक आयुक्त (राज्य कर), बृजमोहन सैनी, प्रीतम यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खैरथल अनाज मंडी के प्रांगण में शहरी शिविर सेवा का आयोजन किया गया। शिविर में अनाज मंडी के व्यापारियों, करदाताओं और आमजन ने भाग लिया। शिविर में वाणिज्यिक कर विभाग के सहायक आयुक्त अविनाश महर्षि मौजूद रहे।

वार्षिक आमसभा में BIIA का खुशखेड़ा चैप्टर का गठन किया



भिवाड़ी. बीआईआईए की वार्षिक आमसभा में मौजूद पदाधिकारी।

भिवाड़ी| भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) की वार्षिक आम सभा प्रवीण लांबा की अध्यक्षता में हुई। सभा के दौरान पिछले वर्ष की गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। सचिव हरीश गौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने वित्तीय विवरण और लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। सदन ने आय-व्यय विवरण व लेखा परीक्षण रिपोर्ट को अनुमोदित किया तथा आगामी वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भी की। इस अवसर पर संघ ने एक खुशखेड़ा चैप्टर के गठन की घोषणा की। इसका अध्यक्ष डीके यादव को नियुक्त किया गया। नया चैप्टर आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों खुशखेड़ा, कारोली, सलारपुर व टपूकड़ा के उद्योगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाएगा। सभा में हरिराम शर्मा, ओपी अग्रवाल, राम प्रकाश गर्ग, सतिंदर चौहान, सुरेश अग्रवाल, बीएम अग्रवाल, आरके भारद्वाज, संजय खन्ना, योगराज सिंह आदि मौजूद रहे।

बीआईआईए कॉन्फ्रेंस हॉल में जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 सेमिनार संपन्न,अधिकारियों ने बताए नए सुधार, उद्योग जगत को मिलेगा लाभ

भिवाड़ी टाइम्स



भिवाड़। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) के कॉन्फ्रेंस हॉल, कहरानी में शुक्रवार को जीएसटी विभाग द्वारा "जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 एवं प्रमुख अपडेट्स" विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में BIIA की ओर से मानद सचिव हरीश गौड़ ने सभी विभागीय अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि यह सेमिनार उद्योगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, क्योंकि इससे उन्हें नवीनतम कर सुधारों और अनुपालन आवश्यकताओं पर प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होगी। सेमिनार की अध्यक्षता अपर आयुक्त (एडीएम-एसजीएसटी) सुश्री निशी रानी ने की। इस अवसर पर उप आयुक्त महेंद्र सिंह यादव (सर्किल-C), सहायक आयुक्त बृजमोहन सैनी तथा प्रीतम सिंह यादव उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद यह देश के अप्रत्यक्ष कर ढांचे की रीढ़ बन चुका है। अब प्रस्तावित जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 से कर व्यवस्था और अधिक सरल, पारदर्शी एवं उद्योग हितैषी बनेगी। हाल ही में संपन्न 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में दरों का सरलीकरण कर दो स्लैब संरचना (5' और 18') लागू करने की सिफारिश की गई है, जिससे आम उपभोक्ता, किसान, स्वस्थ्य, स्वास्थ्य क्षेत्र तथा श्रम प्रधान उद्योगों को सीधा लाभ होगा। नई दरें एवं छूटें 22 सितम्बर 2025 से लागू होंगी, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर वर्तमान दरें ही प्रभावी रहेंगी। इस अवसर पर BIIA के मानद संरक्षक सतिंदर सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष श आर.के. भारद्वाज, तथा उद्योग जगत से श्री डी.के. यादव (श्री सीमेंट), सुनील यादव (सिसोलिया पैकेजिंग), जल प्रताप सिंह (मिसेज बेक्टर स्पेशलिटीज़ लिमिटेड) सहित अनेक प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे। सेमिनार के उपरांत एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग प्रतिनिधियों ने अपने प्रश्न रखे। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने सभी सवालों का समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि नीतिगत ढांचे में कुछ शुरुआती कठिनाइयाँ अवश्य हैं, परंतु इन्हें शीघ्र ही उच्च स्तर तक पहुंचाकर समाधान किया जाएगा।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में खुशखेड़ा चैप्टर का गठन, डी.के. यादव बने अध्यक्ष





अलवर न्यूज

भिवाड़ी। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) की वार्षिक आम सभा (कहरानी संघ भवन, कहरानी में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने की तथा इसमें संघ के संरक्षकगण, पदाधिकारी, कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं अनेक उद्योग प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा के दौरान पिछले वर्ष की गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। सचिव हरीश गौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने वित्तीय विवरण और लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। सदन ने आय-व्यय विवरण व लेखा परीक्षण रिपोर्ट को अनुमोदित किया तथा आगामी वर्ष हेतु लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भी की।

इस अवसर पर संघ ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए खुशखेड़ा चैप्टर के गठन की घोषणा की। इस चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में डी.के. यादव को नियुक्त किया गया। यह निर्णय इस उद्देश्य से लिया गया कि स्थानीय स्तर पर उद्योगों की समस्याओं को शीघ्रता से पहचाना और सुलझाया जा सके। नया चैप्टर आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों - खुशखेड़ा, कठौली, सलारपुर एवं टपूकड़ा - के उद्योगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाएगा। सभा में संघ के संरक्षक हरी राम शर्मा, ओ.पी. अग्रवाल, राम प्रकाश गर्ग और सतिंदर सिंह चौहान उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एम. अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज, संजय खन्ना और योगराज सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी के साथ अनेक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सभा को सार्थक और प्रभावी बनाया। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डी.के. यादव को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में खुशखेड़ा चैप्टर उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान में सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाएगा। अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने कहा कि यह पहल भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय होगी और संघ को क्षेत्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएगी।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में ऐतिहासिक निर्णय

खुशखेड़ा चैप्टर का गठन, डी.के. यादव बने प्रथम अध्यक्ष

सभा में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत, वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया गया





BIIA in NEWS

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)

पत्रिका

डीके यादव को बनाया अध्यक्ष

वार्षिक आमसभा में हुआ खुशखेड़ा चैप्टर का गठन



भिवाड़ी @ पत्रिका. बीआईआईए की वार्षिक आमसभा मंगलवार को हुई। सभा की अध्यक्षता प्रवीण लाम्बा ने की। बैठक में संघ के संरक्षक, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं उद्यमी उपस्थित रहे। सभा में गत वर्ष की गतिविधि और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। सचिव हरीश गौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने वित्तीय विवरण और लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। सदन ने आय-व्यय विवरण व लेखा परीक्षण रिपोर्ट को अनुमोदित किया। आगामी वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की। इस अवसर पर बीआईआईए ने खुशखेड़ा चैप्टर के गठन की घोषणा की। चैप्टर अध्यक्ष डीके यादव को नियुक्त किया गया। स्थानीय स्तर पर उद्योगों की समस्याओं को शीघ्रता से पहचाना और सुलझाया जा सकेगा। नया चैप्टर आसपास के औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा, कारौली, सलारपुर एवं टपूकड़ा के उद्योगों को लाभ पहुंचाएगा। बैठक में संरक्षक हरिराम शर्मा, ओपी अग्रवाल, रामप्रकाश गर्ग, सतिंदर चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएम अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरके भारद्वाज, संजय खन्ना, योगराज सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने कहा कि यह पहल भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय होगी और संगठन को क्षेत्रीय स्तर पर अधिक मजबूत बनाएगी।

बीआईआईए में एमएसएमई टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला आ...

एमएसएमई नीति 2024, निर्यात अवसर और ग्रीन एनर्जी ऑडिट पर उद्योगों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

अलवर न्यूज



भिवाड़ी। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) सभागार, कहराई में शुक्रवार को "टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला" का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हुई, जिसमें लगभग 35 उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

कार्यक्रम में कार्तिके गौर एवं राजेश कुमार संजीत कुमार (Pdcore) और सुश्री किरण शर्मा (डीआईसी-भिवाड़ी) ने प्रस्तुतिकरण दिया।एमएसएमई नीति 2024 के तहत सब्सिडी और सहयोग योजनाओं की जानकारी साझा की गई। ओडीओपी एवं निर्यात नीति पर चर्चा करते हुए स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के अवसर बताए गए। ग्रीन एनर्जी ऑडिट्स एवं EELP से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों को ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुझाए गए। प्रतिभागियों को मौके पर ही ऑन-साइट उद्यम रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध कराई गई। भिवाड़ी के उद्योग प्रतिनिधियों में से विपिन चौधरी और सुशील चौहान ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ MSME क्षेत्र को नई नीतियों, तकनीकी समाधान और सरकारी सहयोग के प्रति जागरूक करती हैं। इससे उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और भिवाड़ी का औद्योगिक विकास और तेज़ी से हो सकता है।

BIIA पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भिवाड़ी को एक सतत और हरित औद्योगिक हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भिवाड़ी जैसे औद्योगिक नगर में तकनीकी उन्नयन समय की आवश्यकता है और यह कार्यशाला उसी दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र से हुआ, जिसमें उद्योगों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण और जानकारीपूर्ण कार्यक्रम BIIA में नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

बीआईआईए में एमएसएमई टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला आयोजित

एमएसएमई नीति 2024, निर्यात अवसर और ग्रीन एनर्जी ऑडिट पर उद्योगों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

भिवाड़ी टाइम्स



भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सभागार, कहराई में शुक्रवार को 'टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला' का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हुई, जिसमें लगभग 35 उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों का मार्गदर्शन कार्यक्रम में कार्तिके गौर एवं राजेश कुमार संजीत कुमार और सुश्री किरण शर्मा (डीआईसी-भिवाड़ी) ने प्रस्तुतिकरण दिया। जिसम MSME नीति 2024 के तहत सब्सिडी और सहयोग योजनाओं की जानकारी साझा की गई। ODOP एवं निर्यात नीति पर चर्चा करते हुए स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के अवसर बताए गए। ग्रीन एनर्जी ऑडिट्स एवं EELP से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों को ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुझाए गए। प्रतिभागियों को मौके पर ही ऑन-साइट उद्यम रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध कराई गई। उद्योग जगत की प्रतिक्रिया भिवाड़ी के उद्योग प्रतिनिधियों में से विपिन चौधरी और सुशील चौहान ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ MSME क्षेत्र को नई नीतियों, तकनीकी समाधान और सरकारी सहयोग के प्रति जागरूक करती हैं। इससे उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और भिवाड़ी का औद्योगिक विकास और तेज़ी से हो सकता है। BIIA की भूमिका BIIA पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भिवाड़ी को एक सतत और हरित औद्योगिक हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भिवाड़ी जैसे औद्योगिक नगर में तकनीकी उन्नयन समय की आवश्यकता है और यह कार्यशाला उसी दिशा में एक ठोस कदम है। समापन कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र से हुआ, जिसमें उद्योगों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण और जानकारीपूर्ण कार्यक्रम BIIA में नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

पत्रिका

कार्यशाला में तकनीक दक्षता के बारे में समझाया



भिवाड़ी @ पत्रिका. बीआईआईए सभागार में शुक्रवार को टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों का विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में कातिकि गौर, राजेश कुमार, संजीत कुमार, किरण शर्मा ने प्रस्तुतिकरण दिया। एमएसएमई नीति 2024 के तहत सब्सिडी और सहयोग योजनाओं की जानकारी साझा की गई। ओडीओपी एवं निर्यात नीति पर चर्चा करते हुए स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोडऩे के अवसर बताए गए।

ग्रीन एनर्जी ऑडिट्स एवं ईईएलपी से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों को ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुझाए गए। इस मौके पर विपिन चौधरी, सुशील चौहान सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

BIIA में tim टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला आयोजित

MSME नीति 2024, निर्यात अवसर और ग्रीन एनर्जी ऑडिट पर उद्योगों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी



भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) सभागार, कहराई में शुक्रवार को "टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन कार्यशाला" का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हुई, जिसमें लगभग 35 उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

कार्यक्रम में कार्तिके गौर एवं राजेश कुमार संजीत कुमार (Pdcore) और सुश्री किरण शर्मा (डीआईसी-भिवाड़ी) ने प्रस्तुतिकरण दिया।

ये रहे चर्चा के विषय

MSME नीति 2024 के तहत सब्सिडी और सहयोग योजनाओं की जानकारी साझा की गई।
ODOP एवं निर्यात नीति पर चर्चा करते हुए स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के अवसर बताए गए।
ग्रीन एनर्जी ऑडिट्स एवं EELP से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों को ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुझाए गए।
प्रतिभागियों को मौके पर ही ऑन-साइट उद्यम रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध कराई गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया

भिवाड़ी के उद्योग प्रतिनिधियों में से विपिन चौधरी और सुशील चौहान ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ MSME क्षेत्र को नई नीतियों, तकनीकी समाधान और सरकारी सहयोग के प्रति जागरूक करती हैं। इससे उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और भिवाड़ी का औद्योगिक विकास और तेज़ी से हो सकता है।

BIIA की भूमिका

BIIA पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भिवाड़ी को एक सतत और हरित औद्योगिक हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भिवाड़ी जैसे औद्योगिक नगर में तकनीकी उन्नयन समय की आवश्यकता है और यह कार्यशाला उसी दिशा में एक ठोस कदम है।

समापन

कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र से हुआ, जिसमें उद्योगों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण और जानकारीपूर्ण कार्यक्रम BIIA में नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने दीपावली मिलन समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का भव्य आयोजन किया







अलवर न्यूज

भिवाड़ी। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का विमोचन समारोह भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिसर, कहरानी में उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत बाबा बालकनाथ, विधायक तिजारा विधानसभा क्षेत्र ने की।

इस अवसर पर लगभग 800 उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा महंत बाबा बालकनाथ, विधायक तिजारा एवं BIIA बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने किया। इसके पश्चात मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया जिससे वातावरण में आध्यात्मिक और उल्लासपूर्ण ऊर्जा व्याप्त हो गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

BIIA के मानद सचिव हरीश गौड़ ने स्वागत भाषण में एसोसिएशन की गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक हितों की रक्षा, स्वस्थ सशक्तिकरण, और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में BIIA लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

इसके पश्चात स्मारिका उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का लोकार्पण महंत बाबा बालकनाथ द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों को दूर करने हेतु गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से अलवर बाईपास क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सरकार की ओर से चलाए जा रहे परियोजनाओं की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस समस्या का निवारण किया जाएगा। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में अतुल प्रकाश, आईएएस, सीईओ, बीडा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गहनता से कार्य कर रही है। उन्होंने उद्योगों को सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों का लाभ उठाने का आग्रह किया और BIIA के प्रयासों की सराहना की।

BIIA अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि "संगठित उद्योग ही सशक्त राष्ट्र का आधार है।" उन्होंने भिवाड़ी की औद्योगिक यात्रा को 'असंभव को संभव करने' की मिसाल बताया और कहा कि BIIA का उद्देश्य भिवाड़ी को "स्मार्ट, सस्टेनेबल और सशक्त इंडस्ट्रियल सिटी" के रूप में विकसित करना है।

कार्यक्रम में BIIA के मानद संरक्षकगण हरीराम शर्मा, श्री रामप्रकाश गर्ग एवं सतिंदर सिंह चौहान उपस्थित रहे। संस्थापक सदस्यगण सुरेश अग्रवाल, विपिन चौधरी एवं जे.एन. सोंधी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। उपाध्यक्षगण बी.एम. अग्रवाल, मनीत सिंह बिर्स, आर.के. भारद्वाज, गिरीश शर्मा, संजय खन्ना, योगराज सिंह एवं मानद कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में मानद संरक्षक हरीराम शर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सामूहिक छायाचित्र एवं लंच के साथ कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। दीपावली के इस अवसर पर भिवाड़ी का औद्योगिक परिवार एकता, सहयोग और उल्लास के रंगों से सराबोर दिखाई दिया।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) द्वारा दीपावली मि... समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का भव्य आयोज...

भिवाड़ी टाइम्स











भिवाड़ी। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की ...

800 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों की सहभागिता

भिवाड़ी के औद्योगिक विकास पर केंद्रित विमोचन

सरकारी नीतियों से उद्योगों को मिल रहा प्रोत्साहन

"स्मार्ट, सस्टेनेबल और सशक्त भिवाड़ी" का लक्ष्य

वरिष्ठ सदस्यों का योगदान

सौहार्दपूर्ण समापन

स्मारिका 'उड़ान' का किया लोकार्पण



लोकार्पण करते महंत बालकनाथ एवं बीआइआइए अध्यक्ष प्रवीण लांबा ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण ● भिवाड़ी: औद्योगिक एकता और प्रगति के संकल्प के साथ भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) की ओर से दीवाली मिलन समारोह और स्मारिका 'उड़ान – उद्योग की नई दिशा' का आयोजन किया गया। दीवाली मिलन समारोह में 800 उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महंत बाबा बालकनाथ और बीआइआइए अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत शाल और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। बीआइआइए के मानद सचिव हरीश गौड़ ने एसोसिएशन की गतिविधियों, उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीआइआइए औद्योगिक हितों की रक्षा, एमएसएमई सशक्तिकरण व पर्यावरण संतुलन के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर स्मारिका 'उड़ान – उद्योग की नई दिशा' का विमोचन विधायक महंत बाबा बालकनाथ ने किया। उन्होंने विशेष रूप से अलवर बाईपास क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए चल रहे सरकारी प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की और शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया। समारोह में बीआइआइए के मानद संरक्षक हरीराम शर्मा, रामप्रकाश गर्ग, सतिंदर सिंह चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल, विपिन चौधरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में हुआ स्मारिका का विमोचन



भिवाड़ी. स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

भिवाड़ी| भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में स्मारिका 'उड़ान: उद्योग की नई दिशा' का विमोचन किया गया। बीआईआईए परिसर कहरानी में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता तिजारा विधायक महंत बालकनाथ ने की। लगभग 800 उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक बालकनाथ और बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने दीप प्रज्वलन किया। सचिव हरीश गौड़ ने एसोसिएशन की गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद स्मारिका उड़ान उद्योग की नई दिशा का लोकार्पण विधायक ने किया। उन्होंने राजस्थान सरकार की ओर से अलवर बाईपास क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने कहा कि संगठित उद्योग ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। कार्यक्रम में बीडा सीईओ अतुल प्रकाश, संरक्षक हरिराम शर्मा, रामप्रकाश गर्ग, सतिंदर सिंह चौहान, सुरेश अग्रवाल, विपिन चौधरी, जे.एन. सोंधी, उपाध्यक्ष बी.एम. अग्रवाल, मनीत सिंह बिर्स, आर.के. भारद्वाज, गिरीश शर्मा, संजय खन्ना, योगराज सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

बीआईआईए की प्रदूषण स्तर को नि... करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक



भिवाड़ी टाइम्स

स्मारिका का किया विमोचन



भिवाड़ी @ पत्रिका. बीआईआईए की ओर से शुक्रवार को दिवाली मिलन समारोह एवं स्मारिका उड़ान उद्योग की नई दिशा का विमोचन समारोह किया गया। आयोजन कहरानी स्थित बीआईआईए हाउस में किया गया। दिवाली के इस पावन अवसर पर भिवाड़ी का औद्योगिक परिवार एकता, सहयोग और उल्लास के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर विधायक बालकनाथ योगी एवं अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने की। इस अवसर पर करीब आठ सौ उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। सचिव हरीश गौड़ ने स्वागत भाषण में बीआईआईए की गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक हितों की रक्षा, एमएसएमई सशक्तिकरण और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में बीआईआईए निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों को दूर करने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। बायपास पर जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान किया जाएगा। बीडा सीईओ अतुल प्रकाश ने शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट की जानकारी दी। अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि संगठित उद्योग ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। कार्यक्रम में संरक्षक हरीराम शर्मा, रामप्रकाश गर्ग, सतेंद्र चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का भव्य आयोजन

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी





भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं स्मारिका 'उड़ान - उद्योग की नई दिशा' का विमोचन समारोह भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिसर, कहरानी में अत्यंत उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय महंत बाबा बालकनाथ जी, विधायक तिजारा विधानसभा क्षेत्र ने की। इस अवसर पर लगभग 800 उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा माननीय महंत बाबा बालकनाथ, विधायक तिजारा एवं BIIA अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के करकमलों से हुआ। इसके पश्चात मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण ऊर्जा व्याप्त हो गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। BIIA के मानद सचिव हरीश गौड़ ने स्वागत भाषण में एसोसिएशन की गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक हितों की रक्षा, MSME सशक्तिकरण, और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में BIIA लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसके पश्चात स्मारिका "उड़ान - उद्योग की नई दिशा" का लोकार्पण माननीय महंत बाबा बालकनाथ द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों को दूर करने हेतु गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से अलवर बाईपास क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सरकार की ओर से चलाए जा रहे परियोजनाओं की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस समस्या का निवारण किया जाएगा। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में अतुल प्रकाश जी, IAS - CEO, BIDA ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गहनता से कार्य कर रही है। उन्होंने उद्योगों को सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों का लाभ उठाने का आग्रह किया और BIIA के प्रयासों की सराहना की। BIIA अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि "संगठित उद्योग ही सशक्त राष्ट्र का आधार है।" उन्होंने भिवाड़ी की औद्योगिक यात्रा को 'असंभव को संभव करने' की मिसाल बताया और कहा कि BIIA का उद्देश्य भिवाड़ी को "स्मार्ट, सस्टेनेबल और सशक्त इंडस्ट्रियल सिटी" के रूप में विकसित करना है। कार्यक्रम में BIIA के मानद संरक्षकगण – हरीराम शर्मा, रामप्रकाश गर्ग एवं सतिंदर सिंह चौहान उपस्थित रहे। संस्थापक सदस्यगण – सुरेश अग्रवाल, विपिन चौधरी एवं जे.एन. सोंधी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। उपाध्यक्षगण – बी.एम. अग्रवाल, मनीत सिंह बिर्स, आर.के. भारद्वाज, गिरीश शर्मा, संजय खन्ना, योगराज सिंह एवं मानद कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में मानद संरक्षक हरीराम शर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सामूहिक छायाचित्र एवं लंच के साथ कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। दीपावली के इस पावन अवसर पर भिवाड़ी का औद्योगिक परिवार एकता, सहयोग और उल्लास के रंगों से सराबोर दिखाई दिया।

BIIA in NEWS

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)

बीआईआईए की बैठक में एक्यूआई में सुधार के लिए उपायों पर चर्चा की

अलवर न्यूज



बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताई समस्याएं



भिवाड़ी. केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करता बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल

ग्रेप-3 की पाबंदी हटाई, भिवाड़ी की हवा अब भी जहरीली, एक्यूआई 348, ग्रेप-1 और 2 लागू रहेंगे

दिल्ली की हवा में सुधार हुआ, भिवाड़ी पिछले 18 दिन से गैस चैंबर बना है, दो फैक्ट्रियों पर भी कार्रवाई

भास्कर इनसाइट — उद्योग संगठन भी रोकथाम में मदद व इकाइयों पर कार्रवाई करेंगे



ग्रेप के उल्लंघन पर 4.63 लाख का लगाया जुर्माना

भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक्यूआइ सुधार को लेकर उद्यमियों और अधिकारियों की बैठक हुई

प्रदूषण नियंत्रण: बढ़ते वायु प्रदूषण और धूल नियंत्रित करने के लिए उपायों पर किसर मंथन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क



भिवाड़ी. अधिकारियों संग बैठक करते उद्यमी।

दोबारा बिगड़ी हवा, एक्यूआइ में वृद्धि

औद्योगिक क्षेत्र विकास के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा प्रतिवेदन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क



भिवाड़ी. प्रतिवेदन सौंपते हुए।

बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से भेंट

अलवर न्यूज



भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर बैठक आयोजित



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी

बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से भेंट



भिवाड़ी टाइम्स

भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)। भिवाड़ी औद्योगिक मुद्दों पर बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में नई दिल्ली में भूपेन्द्र यादव , सांसद एवं केंद्रीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, से उनके आवास पर भेंट कर भिवाड़ी-टपूकड़ा-चोपांकी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण औद्योगिक, पर्यावरणीय एवं नागरिक विषयों पर विस्तृत प्रतिवेदन सौंपा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि भिवाड़ी राजस्थान का सबसे तेज़ी से विकसित होता औद्योगिक क्लस्टर है, जहाँ हजारों एमएसएमई एवं बड़े उद्योग संचालित हैं और लाखों श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में साझा अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण अनुपालन, कर संरचना, स्वास्थ्य सेवाएँ एवं परिवहन सुविधाओं से जुड़े विषय सीधे तौर पर औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' से जुड़े हुए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में सीईटीपी एवं डंपिंग यार्ड की स्थापना हेतु पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक एसपीवी नीति लागू करने, औद्योगिक क्षेत्र को पूर्ववत डीआईसी भिवाड़ी के अधिकार क्षेत्र में बनाए रखने, भिवाड़ी में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक बस सेवा प्रारंभ करने तथा ईएसआईसी अस्पताल, भिवाड़ी को शहरी/अर्ध-शहरी श्रेणी में अपग्रेड कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति जैसे विषय शामिल रहे। बीआईआईए ने केंद्रीय मंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण एवं शीघ्र कार्रवाई के आश्वासन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन पर्यावरण संरक्षण, सतत औद्योगिक विकास तथा उद्योगों के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सहयोग करता रहेगा।

एक दिवसीय सीपीई सेमिनार का किया आयोजन

भिवाड़ी टाइम्स



भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)। भिवाड़ी सीपीई स्टडी चैप्टर द्वारा गुरुवार को बीआईआईए हाउस, कहरानी स्थित सेमिनार हॉल में जीएसटीआर वार्षिक रिटर्न 9 एवं रीकन्सिलिएशन स्टेटमेंट 9C' विषय पर एक दिवसीय सीपीई सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य तस्त्र के अंतर्गत वार्षिक रिटर्न एवं रीकन्सिलिएशन से संबंधित प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। सत्र के दौरान GSTR-9 एवं GSTR-9C से जुड़े हालिया प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं, व्यावहारिक समस्याओं, सामान्य त्रुटियों तथा विभागीय अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जो कर-प्रैक्टिस से जुड़े सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी रही। सेमिनार के मुख्य वक्ता CA कुलदीप शर्मा (गुरुग्राम) रहे, जिन्होंने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर विषय को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने रीकन्सिलिएशन प्रक्रिया में आने वाली जटिलताओं तथा उनके समाधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी संतोषजनक उत्तर दिया गया। यह सेमिनार बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं कर पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक CA रोहित कुमार गुप्ता, उप-संयोजकCA अंकित अग्रवाल एवं समन्वयक CA गुलाब अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया।

इस सेमिनार में CA विशाल अग्रवाल, CA सतीश शर्मा, CA अमन कुमार बंसल, CA श्वेता आनंद, CA राहुल सैनी सहित कुल 40 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सहभागिता की और विषय पर गहन चर्चा में भाग लिया।

भिवाड़ी CPE स्टडी चैप्टर द्वारा आयोजित यह सेमिनार ज्ञानवर्धक एवं अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। चैप्टर द्वारा भविष्य में भी सदस्यों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु इस प्रकार के तकनीकी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के मध्य एमओयू हुआ

अलवर न्यूज



भिवाड़ी औद्योगिक मुद्दों पर बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी



एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के परिसर में हुआ एमओयू

नवीन उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रसार कौशल विकास को मिलेगा प्रोत्साहन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भिवाड़ी. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं एमएसएमई के तकनीकी सेंटर के मध्य गुरुवार को एमओयू हुआ। एमओयू सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के तकनीकी सशक्तिकरण, कौशल विकास, औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। एमओयू एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के परिसर में संपन्न हुआ। बीआइआइए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा और एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के डीजीएम सुमित जैन ने हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर विपिन चौधरी, सुशील चौहान, समरजीत सिंह, अंकित राघव, राधाकृष्ण उपस्थित रहे।

एमओयू का उद्देश्य: एमओयू का मुख्य उद्देश्य उद्योग एवं तकनीकी संस्थानों के मध्य सहयोग को मजबूत करना, नवीन एवं उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रसार, कौशल विकास को प्रोत्साहन देना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी कार्यशाला, सेमिनार, बायर-सेलर मीट एवं संयुक्त तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्रदान करना है। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्योग-उन्मुख विशेष प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।


भिवाड़ी. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सदस्य एमओयू करते हुए।

एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्रदान करना है। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्योग-उन्मुख विशेष प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की तकनीकी सत्र, उन्नत प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन, री-स्किलिंग एवं रिकग्निशन ऑफ प्रायर कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। साथ ही एमएसएमई इकाइयों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी उपलब्ध कराकर उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

टेक्नोलॉजी सेंटर उद्योगों को डिजाइन, विनिर्माण, गुणवत्ता सुधार, उत्पादकता वृद्धि एवं तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। बीआइआइए अपने सदस्य उद्योगों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता निश्चित करने, उद्योग-आधारित आवश्यकताओं की पहचान करने और कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा।

सीए ने जीएसटी कर प्रावधान के व्यावहारिक पहलू बताए


भिवाड़ी @ पत्रिका. सीपीई स्टडी चैप्टर ने गुरुवार को बीआइआइए हाउस कहरानी स्थित सेमिनार हॉल में जीएसटीआर वार्षिक रिटर्न एवं रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य जीएसटी के अंतर्गत वार्षिक रिटर्न एवं रिकॉन्सिलिएशन से संबंधित प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी देना था। सत्र के दौरान जीएसटीआर-9 एवं जीएसटीआर-9सी से जुड़े हालिया प्रावधान, अनुपालन आवश्यकता, व्यावहारिक समस्या, सामान्य त्रुटियों तथा विभागीय अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जो कर-प्रैक्टिस से जुड़े सदस्यों के लिए अत्यंत उपयोगी रही। सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए कुलदीप शर्मा ने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर विषय को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने रिकॉन्सिलिएशन प्रक्रिया में आने वाली जटिलताओं तथा उनके समाधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। प्रतिभागियों की ओर से पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। सेमिनार में बड़ी संख्या में सीए एवं कर पेशेवरों ने भाग लिया। सेमिनार में 40 से अधिक सीए ने सहभागिता की और विषय पर गहन चर्चा में भाग लिया। भिवाड़ी सीपीई स्टडी चैप्टर की ओर से आयोजित सेमिनार ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

जीएसटी रिटर्न पर सेमीनार आयोजित


बीआईआईए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ह्यूम चार्टर्ड अकाउंटेंट्स।

भिवाड़ी| सीपीई स्टडी चैप्टर द्वारा गुरुवार को बीआईआईए हाउस कहरानी के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में जीएसटीआर वार्षिक रिटर्न 9 व रिकॉन्सिलेशन स्टेटमेंट 9सी की अनुपालन, आवश्यकताओं, समस्याओं, त्रुटियों तथा विभागीय अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जो कि कर-प्रैक्टिस से जुड़े सदस्यों के लिए फायदेमंद रही। सेमिनार के मुख्य वक्ता गुरुग्राम सीए कुलदीप शर्मा रहे। सीए शर्मा ने रिकॉन्सिलेशन प्रक्रिया में आने वाली जटिलताओं तथा उनके समाधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर संयोजक सीए रोहित कुमार गुप्ता, अंकित अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सतीश शर्मा, अमन कुमार बंसल, श्वेता आनंद, राहुल सैनी सहित अन्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

बीआईआईए ने किया भिवाड़ी में ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

एमएसएमई उद्योगों को ऊर्जा दक्षता एवं लागत बचत के लिए किया गया जागरूक

अक्षत गुप्त


भिवाड़ी| सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की RAMP (Raising and Accelerating MSME Performance) योजना तथा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन BIIA परिसर, तीखी औद्योगिक क्षेत्र, कहरानी, भिवाड़ी में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों को ऊर्जा ऑडिट के महत्व, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, उत्पादन लागत में कमी, तथा सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरुग्राम सीए कुलदीप शर्मा रहे। सीए शर्मा ने रिकॉन्सिलेशन प्रक्रिया में आने वाली जटिलताओं तथा उनके समाधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर संयोजक सीए रोहित कुमार गुप्ता, अंकित अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सतीश शर्मा, अमन कुमार बंसल, श्वेता आनंद, राहुल सैनी सहित अन्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कृष्णा पारीक, प्रोजेक्ट मैनेजर - RAMP प्रोग्राम ने ग्रीन एनर्जी ऑडिट की अवधारणा, उसकी प्रक्रिया, औद्योगिक इकाइयों को होने वाले प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक लाभों, तथा एमएसएमई के लिए उपलब्ध वित्तीय सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में BIIA के मानद संरक्षक रामप्रकाश की महिलाओं उपस्थिति रहीं। इसके साथ ही भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से अनेक प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रमुख रूप से उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों में सुरेश अग्रवाल (अंशुल पिट्टस), एस. सी. झा (सेफ पैक्स्स प्राइवेट लिमिटेड), आलोक दास (पायनर इंडस्ट्री), रविंद्र देसवर (रीतम स्टील) शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने RAMP कार्यक्रम की टीम, वक्ताओं एवं सभी सहभागी उद्योगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

बीआईआईए ने किया भिवाड़ी में ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

एमएसएमई उद्योगों को ऊर्जा दक्षता एवं लागत बचत के लिए किया गया जागरूक

भिवाड़ी टाइम्स


भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की RAMP (Raising and Accelerating MSME Performance) योजना तथा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन BIIA परिसर, तीखी औद्योगिक क्षेत्र, कहरानी, भिवाड़ी में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों को ऊर्जा ऑडिट के महत्व, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, उत्पादन लागत में कमी, तथा सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरुग्राम सीए कुलदीप शर्मा रहे। सीए शर्मा ने रिकॉन्सिलेशन प्रक्रिया में आने वाली जटिलताओं तथा उनके समाधान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर संयोजक सीए रोहित कुमार गुप्ता, अंकित अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सतीश शर्मा, अमन कुमार बंसल, श्वेता आनंद, राहुल सैनी सहित अन्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कृष्णा पारीक, प्रोजेक्ट मैनेजर - RAMP प्रोग्राम ने ग्रीन एनर्जी ऑडिट की अवधारणा, उसकी प्रक्रिया, औद्योगिक इकाइयों को होने वाले प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक लाभों, तथा एमएसएमई के लिए उपलब्ध वित्तीय सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में BIIA के मानद संरक्षक रामप्रकाश की महिलाओं उपस्थिति रहीं। इसके साथ ही भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से अनेक प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रमुख रूप से उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों में सुरेश अग्रवाल (अंशुल पिट्टस), एस. सी. झा (सेफ पैक्स्स प्राइवेट लिमिटेड), आलोक दास (पायनर इंडस्ट्री), रविंद्र देसवर (रीतम स्टील) शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने RAMP कार्यक्रम की टीम, वक्ताओं एवं सभी सहभागी उद्योगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र के तकनीकी सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत शुक्रवार को भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) एवं एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी के मध्य एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू दिनांक 18 दिसंबर 2025 को एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी के परिसर में संपन्न हुआ। समझौता ज्ञापन पर BIIA की ओर से प्रवीण लाम्बा, अध्यक्ष तथा एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी की ओर से सुमित जैन, उप महाप्रबंधक एवं संस्थान प्रमुख द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर BIIA की ओर से प्रवीण लाम्बा (अध्यक्ष), विपिन चौधरी एवं सुशील चौहान उपस्थित रहे। वहीं एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी की ओर से सुमित जैन (उप महाप्रबंधक एवं संस्थान प्रमुख), समरजीत सिंह (सहायक प्रबंधक - प्रशासन एवं लेखा), अंकित राघव (प्रबंधक - उत्पादन) तथा राधा कृष्ण (लेखा अधिकारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य उद्योग एवं तकनीकी संस्थानों के मध्य सहयोग को सुदृढ़ करना, नवीन एवं उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रसार, कौशल विकास को प्रोत्साहन देना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी कार्यशालाओं, सेमिनारों, बायर-सेलर मीट एवं संयुक्त तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्रदान करना है। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्योग-उन्मुख विशेष प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र, उन्नत प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन, री-स्किलिंग एवं रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (RPL) कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। साथ ही, एमएसएमई इकाइयों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी उपलब्ध कराकर उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन कार्यरत एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, भिवाड़ी, जो राजस्थान का प्रथम टेक्नोलॉजी सेंटर है, उद्योगों को डिज़ाइन, विनिर्माण, गुणवत्ता सुधार, उत्पादकता वृद्धि एवं तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान करेगा। वहीं भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) अपने सदस्य उद्योगों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने, उद्योग-आधारित आवश्यकताओं की पहचान करने तथा कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएगा। यह एमओयू प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे दोनों संस्थाओं की आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। दोनों संस्थाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग ग्रेटर भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र सहित संपूर्ण क्षेत्र में उद्योगों की तकनीकी दक्षता, मानव संसाधन कौशल तथा समग्र औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

पत्रिका

ग्रीन एनर्जी ऑडिट कार्यशाला का हुआ आयोजन

एमएसएमइ उद्योगों को ऊर्जा दक्षता से लागत बचाने को किया जागरुक


भिवाड़ी. कार्यशाला में उपस्थित उद्यमी।

भिवाड़ी @ पत्रिका. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमइ) की रैप योजना, प्रदेश सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) ने ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला कहरानी स्थित बीआइआइए हॉल में की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों को ऊर्जा ऑडिट के महत्व, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, उत्पादन लागत में कमी और सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के माध्यम से उद्योगों को हरित ऊर्जा अपनाने एवं सतत औद्योगिक विकास की दिशा में प्रेरित किया गया। कार्यशाला में रैप प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्णा पारीक ने ग्रीन एनर्जी ऑडिट की अवधारणा, प्रक्रिया, औद्योगिक इकाइयों को होने वाले प्रत्यक्ष एवं दीर्घकालिक लाभ, एमएसएमई के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजना एवं अनुदान की जानकारी दी। कार्यशाला में बीआइआइए संरक्षक रामप्रकाश गर्ग, सुरेश अग्रवाल, एससी झा, आलोक दास, रविंद्र देसवर सहित 45 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान उद्यमियों ने ऊर्जा ऑडिट, ऊर्जा बचत तकनीक, सोलर एवं अन्य हरित ऊर्जा समाधानों को लेकर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। उद्योग प्रतिनिधियों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

ग्रीन एनर्जी ऑडिट पर कार्यशाला


भिवाड़ी. कार्यक्रम में भाग लेते औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि

भिवाड़ी| बीआईआईए द्वारा औद्योगिक क्षेत्र कहरानी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना तथा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों द्वारा ऊर्जा ऑडिट के महत्व, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, उत्पादन लागत में कमी, तथा सरकारी योजनाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में उद्योगों को हरित ऊर्जा अपनाने एवं सतत औद्योगिक विकास की दिशा में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्णा पारीक ने रैप प्रोग्राम में ग्रीन एनर्जी ऑडिट की जानकारी दी और औद्योगिक इकाइयों को होने वाले लाभ और विभिन्न सरकारी योजनाओं सहित अनुदानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा ऊर्जा ऑडिट, ऊर्जा बचत तकनीकों, सोलर एवं अन्य हरित ऊर्जा समाधानों को लेकर अनेक प्रश्न पूछे गए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में बीआईआईए संरक्षक रामप्रकाश, सुरेश अग्रवाल, एससी झा, आलोक दास, रविंद्र देसवर सहित 45 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

BIIA in NEWS
BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)

BIIA द्वारा भिवाड़ी में ग्रीन एनर्जी ऑडिट जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

एमएसएमई उद्योगों को ऊर्जा दक्षता एवं लागत बचत हेतु किया गया जागरूक



भिवाड़ी को मिली हरित परिवहन की सौगात: 40 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति से बदलेगा औद्योगिक क्षेत्र का भविष्य



औद्योगिक विकास को मिलेगा नया आयाम

भिवाड़ी बनेगा हरित औद्योगिक मॉडल

बीआईआईए ने किया फैसले का स्वागत

दो वर्षों में ग्रेटर भिवाड़ी की सभी अवसंरचना समस्याओं का होगा समाधान-केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी उद्योगों की समस्याओं पर दिया तत्काल समाधान का आश्वासन

दो वर्ष में ग्रेटर भिवाड़ी की सभी समस्याओं का होगा समाधान

भिवाड़ी @ पत्रिका. भिवाड़ी स्थित बीआइआइए कार्यालय में उद्योग प्रतिनिधियों ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर भिवाड़ी, टपूकड़ा, चौपानकी एवं ग्रेटर भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उद्योगों की प्रमुख समस्याओं, अवसंरचनात्मक चुनौतियों एवं प्रशासनिक विषयों पर खुलकर चर्चा की गई।



कार्यक्रम का उद्घाटन बीआइआइए सचिव हरिश गौड़ ने स्वागत उदबोधन से किया। उन्होंने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के औद्योगिक एवं आर्थिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र राज्य और देश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन अवसंरचना और प्रशासनिक समन्वय की कमियों के कारण उद्योगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बीआइआइए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने उद्योगों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से कहरानी और चौपानकी क्षेत्र में केजीटीए (एसपीवी) की कार्यप्रणाली के प्रति असंतोष, सीईटीपी परियोजना में हो रही देरी, तथा विद्युत आपूर्ति और निगम से संबंधित समस्याओं को प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इसके अतिरिक्त, रिडकोर के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने, टोल शिफ्टिंग में देरी, और औद्योगिक अवसंरचना की खराब स्थिति भी मुख्य विषय रहे। उन्होंने कहा कि सीईटीपी परियोजना में देरी के कारण उद्योगों को पर्यावरणीय अनुपालन और निवेश से संबंधित गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, ईएसआईसी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, सार्वजनिक परिवहन की असुविधा, और जीएसटी दर की तकनीकी खामी जैसे मुद्दे भी उठाए गए। उद्योगों के लिए सुगम कारोबारी वातावरण बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री का आश्वासन: केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और उद्योग प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन समस्याओं का विस्तृत विवरण उन्हें उपलब्ध कराएं, ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके। मंत्री ने कहा, "हम ग्रेटर भिवाड़ी क्षेत्र की सभी अवसंरचना समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करेंगे। दो वर्ष के भीतर इन समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएगा, जिससे उद्योगों को स्थायित्व, गति और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त होगी। बैठक में प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों श्री हरिराम शर्मा, ओपी अग्रवाल, रामप्रकाश गर्ग, सतिंदर सिंह चौहान, मुकेश शर्मा, सुरेश अग्रवाल, विपिन, आरके, गिरीश, संजय खन्ना सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

दो साल में ग्रेटर भिवाड़ी की बुनियादी समस्याओं के समाधान का आश्वासन

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद, विस्तार से चर्चा की



दो साल में होगा समाधान, 40 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी

भिवाड़ी को मिलेंगी 40 इलेक्ट्रिक बसें

रीको की एमडी से मिले बीआईआईए के प्रतिनिधि, उद्योगों की जमीनी समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा



सर्कल रेट और रिटेंशन चार्जेज से एमएसएमई पर बोझ

सीईटीपी और डंपिंग यार्ड की आवश्यकता पर जोर

केजीटीए की निष्क्रियता पर गंभीर चिंता

बीआईआईए का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष के साथ जयपुर पहुंचा, मांग पत्र भी सौंपा

रीको एमडी से मिले उद्यमी, कहा- एसपीवी गठन में पारदर्शिता नहीं, न एजीएम कराई



भिवाड़ी. रीको की प्रबंध निदेशक से मुलाकात करते पदाधिकारी।

BIIA के मंच से केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का बड़ा आश्वासनः दो वर्ष में ग्रेटर भिवाड़ी की सभी अवसंरचना समस्याओं का होगा समाधान



BIIA प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में RIICO की प्रबंध निदेशक से जयपुर में भेंट की



बीआईआईए की मांग पर भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन स्वीकृत



बीआइआइए प्रतिनिधिमंडल ने निवेश बाधा जैसे मुद्दों पर सौंपा प्रतिवेदन

उद्योगों की समस्याएं रीको एमडी को बताईं

भिवाड़ी @ पत्रिका. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में रीको एमडी शिवांगी स्वर्णकार से मिला। एमडी से मिलकर भिवाड़ी, कहरानी, चौपानकी समीपवर्ती औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण औद्योगिक, पर्यावरणीय एवं नीतिगत विषयों पर चर्चा कर प्रतिवेदन सौंपा।


भिवाड़ी. एमडी से मिलते उद्यमी।

प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक सतिंदर चौहान, सुरेश अग्रवाल और विरल गर्ग शामिल रहे। उद्यमियों ने सामूहिक रूप से उद्योगों की व्यावहारिक समस्याओं, निवेश संबंधी बाधाओं और पर्यावरणीय अवसंरचना से जुड़े मुद्दों को तथ्यात्मक एवं तकनीकी आधार पर प्रस्तुत किया। बीआइआइए सदस्यों ने सीईपीसी निर्माण एवं डंपिंग यार्ड से संबंधित विषय उठाया। बताया कि एमएसएमई श्रेणी के अधिकांश उद्योग व्यक्तिगत स्तर पर तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जटिल तथा महंगी प्रणालियां स्थापित करने में सक्षम नहीं हैं। पूर्व में रीको की ओर से जेडएलडी की शर्त पर किए गए भूखंड आवंटन व्यावहारिक स्तर पर प्रभावी नहीं रह सके हैं। अब साझा सीईटीपी एवं डंपिंग यार्ड की सुविधा मिलनी चाहिए। बीआइआइए ने एसपीवी गठन की प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में एसपीवी गठन की सूचना सार्वजनिक माध्यमों से नहीं दी जाती। सभी उद्यमियों की सहभागिता की जाती है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सीईटीपी परियोजना के लिए भूमि आवंटन के चार वर्ष बाद भी कोई वास्तविक प्रगति नहीं हुई है। पर्यावरणीय स्वीकृतियों के बिना अंतिम आवंटन पत्र जारी किया जाना, औपचारिक बैठकों के माध्यम से उद्योगों पर दबाव बनाना तथा तकनीकी दृष्टि से अव्यवहारिक है। सर्किल रेट्स, रिटेंशन चार्जेस एवं अन्य संबद्ध शुल्कों में हाल में अत्यधिक वृद्धि से उत्पन्न प्रतिकूल प्रभावों को भी एमडी के सामने रखा। भिवाड़ी में ग्रेप एवं अन्य प्रशासनिक कारणों से निर्माण कार्यों में अनिवार्य विलंब होता, जो उद्योगों के नियंत्रण से बाहर है।

भिवाड़ी को मिली फॉल्ट लोकेटिंग मशीन क

भिवाड़ी, भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) की लंबे समय से लंबित मांग पर जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए भिवाड़ी में फॉल्ट लोकेटिंग मशीन की खरीद की तत्काल प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया है। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर में आरती डोगरा से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति से संबंधित प्रमुख समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में रेप्रा क्षेत्रीय प्रबंधक सिंह कुमार, सिंह राणा व पूर्व अध्यक्ष सुदीप स्वामी, योगेश जैन, कोषाध्यक्ष तरुण गोयनका, उपाध्यक्ष जयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अजित जी.पी. सिंह, अनुपम शुक्ला, न, सत्यजीत सिंह, एम एन खान, बीआईआईए के मानद संरक्षक सतिंदर सिंह चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल और विरल गर्ग भी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवाड़ी में बार-बार बिजली गुल होने और भूमिगत केबलों में फॉल्ट आने से अध्यक्ष आरती डोगरा ने खराबी का पता लगाने में भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के भूमिगत बिजली केबल नेटवर्क में फॉल्ट की त्वरित पहचान के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन को मंजूरी दे दी है। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर में आरती डोगरा से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति से संबंधित प्रमुख समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में रेप्रा क्षेत्रीय प्रबंधक सिंह कुमार, सिंह राणा व पूर्व अध्यक्ष सुदीप स्वामी, योगेश जैन, कोषाध्यक्ष तरुण गोयनका, उपाध्यक्ष जयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अजित जी.पी. सिंह, अनुपम शुक्ला, न, सत्यजीत सिंह, एम एन खान, बीआईआईए के मानद संरक्षक सतिंदर सिंह चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल और विरल गर्ग भी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवाड़ी में बार-बार बिजली गुल होने और भूमिगत केबलों में फॉल्ट आने से अध्यक्ष आरती डोगरा ने खराबी का पता लगाने में भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के काफी समय लगता है। इससे भूमिगत बिजली केबल नेटवर्क में फॉल्ट की त्वरित पहचान के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन को मंजूरी दे दी है। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर में आरती डोगरा से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति से संबंधित प्रमुख समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में रेप्रा क्षेत्रीय प्रबंधक सिंह कुमार, सिंह राणा व पूर्व अध्यक्ष सुदीप स्वामी, योगेश जैन, कोषाध्यक्ष तरुण गोयनका, उपाध्यक्ष जयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अजित जी.पी. सिंह, अनुपम शुक्ला, न, सत्यजीत सिंह, एम एन खान, बीआईआईए के मानद संरक्षक सतिंदर सिंह चौहान, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल और विरल गर्ग भी शामिल थे।

भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुधा की मांग, बीआईआईए ने जयपुर में दिया ज्ञापन

भिवाड़ी| बीआईआईए का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण लांबा के नेतृत्व में जयपुर पहुंचा और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा से भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं पर समेकित ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उद्योगों को उत्पादन रुकने, मशीनरी नुकसान और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में भूमिगत विद्युत केबल नेटवर्क में फॉल्ट की त्वरित पहचान के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन की स्वीकृति को प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने तत्काल स्वीकार किया और टेंडर प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रिड सब-स्टेशनों की जर्जर स्थिति, जीएसएस पर अत्यधिक लोड, बार-बार ट्रिपिंग, औद्योगिक फीडरों पर विकास व्यय, नए उप-विभाग की आवश्यकता, अपर्याप्त रख-रखाव बजट, स्टाफ कमी, जीएसएस क्षमता वृद्धि, नए ग्रिड सब-स्टेशन जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा।

बजट 2026 • दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा होने के कारण उद्यमियों ने वित्त मंत्री से की विशेष प्रावधानों की

उद्यमियों ने केंद्र सरकार से मांगी सस्ती जमीन और टैक्स में राहत, बोले- इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट को मिले बढ़ावा

एमएसएमई को प्रोत्साहित करने की दरकार



सस्ती और पर्याप्त भूमि का अभाव बड़ी बाधा बना हुआ



ब्याज प्रतिपूर्ति योजना दर पर ऋण उपलब्ध कराना चाहिए



विशेष इंसेंटिव और प्रोत्साहन योजनाएं लगातार जारी रहनी चाहिए



बीआईआईए की मांग पर भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन स्वीकृत



औद्योगिक क्षेत्र के लिए फाल्ट लोकेटिंग मशीन हुई स्वीकृत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में जयपुर पहुंचा और जयपुर डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा से मिला। भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र जयपुर औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रमुख औद्योगिक एवं राजस्व ज्ञापन सौंपा। इसके बाद्यजयपुर डिस्कॉम्स ने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रमुख औद्योगिक एवं राजस्व ज्ञापन सौंपा। इसके बाद्यजयपुर डिस्कॉम्स ने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रमुख औद्योगिक एवं राजस्व ज्ञापन सौंपा। इसके बाद्यजयपुर डिस्कॉम्स ने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रमुख औद्योगिक एवं राजस्व ज्ञापन सौंपा। इसके बाद्यजयपुर डिस्कॉम्स ने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रमुख औद्योगिक एवं राजस्व ज्ञापन सौंपा।



जनता के साथ धोखा

केंद्रीय बजट-2026 आम आदमी की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर कोई ठोस रोडमैप नहीं है। नवगठित जिलों के लिए विशेष पैकेज की अनदेखी निराशाजनक है।

दीपचंद खैरिया, विधायक किशनगढ़बास।

बजट 2026-27

मेरा शहर मेरा बजट

बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा

प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को यह बजट मजबूती देता है। महिला, युवा, किसान, मजदूर और व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार।

महासिंह चौधरी, जिलाध्यक्ष, भाजपा अलवर उत्तर



निर्माण इलेक्ट्रॉनिक के साथ एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा



क्षेत्रीय और व्यावहारिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाता है, तब भिवाड़ी औद्योगिक क्लस्टर में निवेश होगा

प्रवीण लाम्बा
अध्यक्ष, भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन

उद्यमी, आमजन और युवाओं ने बजट को लेकर दी मिलीजुली प्रतिक्रिया

इस बार केंद्र सरकार की ओर से रविवार को पेश किया गया केंद्रीय बजट 2026 देश को विकास की नई दिशा देने का दावा करता है, लेकिन नवगठित खैरथल-तिजारा जिला और राजस्थान के संदर्भ में देखें तो यह बजट उम्मीदों और निराशाओं का मिश्रण नजर आता है। बुनियादी ढांचे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन की बात जरूर की गई, लेकिन जिले की स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कोई ठोस और सीधी घोषणा नहीं की गई।

17 दवाइयां कैंसर की व शुगर सहित 7 गंभीर बीमारियों की दवाएं भी होंगी सस्ती

1.39 लाख करोड़ रुपए शिक्षा का बजट बढ़ाना सराहनीय कदम, स्किल एजुकेशन सुधरेगी



भिवाड़ी के लोग बोले...

उद्योगों के लिए सकारात्मक संकेत

केंद्रीय बजट औद्योगिक विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और उत्पादन क्षेत्र को नई दिशा देने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बजट है। बजट में लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहयोग, ऋण सुविधा की सरलता, कार्यशील पूंजी की उपलब्धता, उद्यमिता प्रोत्साहन तथा कौशल विकास पर दिया गया जोर उद्योग जगत के लिए सकारात्मक संकेत है। परिवहन, भंडारण, संपर्क व्यवस्था और तकनीकी अवसंरचना के विकास से उत्पादन लागत में कमी आएगी और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। भिवाड़ी जैसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र के लिए यह आवश्यक है।

- लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहयोग मिलेगा
- सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल सेवाओं पर जोर दिया

मिलेगा फायदा

पुराने औद्योगिक इलाकों का होगा कायाकल्प

बजट में शहरों के नियोजित विकास और औद्योगिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना पेश की है। देश के पुराने और बंद पड़े औद्योगिक क्षेत्रों को फिर से चालू किया जाएगा। यहां आधुनिक सुविधाएं, बिजली और लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी दी जाएगी। बड़े शहरों के आसपास विशेष आर्थिक गलियारे विकसित किए जाएंगे।

एमएसएमई पर दिया ध्यान



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए दस हजार करोड़ रुपए के विशेष कोष की घोषणा और एमएसएमई क्षेत्र के लिए किए गए नीतिगत प्रावधान देश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह कोष एमएसएमई इकाइयों को सस्ती वित्तीय सहायता, कार्यशील पूंजी की उपलब्धता और विस्तार योजनाओं को गति देने में सहायक सिद्ध होगा। ऋण गारंटी, ब्याज सहायता से उद्योगों पर वित्तीय एवं प्रशासनिक बोझ कम होगा।

-रामप्रकाश गर्ग,
उद्यमी भिवाड़ी

आधी आबादी की राय

निर्माण व इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र होगा मजबूत



बजट भारतीय उद्योग जगत के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। एक महिला उद्यमी होने के नाते मैं देखती हूं कि सरकार ने निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

कामायनी गुप्ता, उद्यमी भिवाड़ी

ऑनलाइन शिक्षा और शोध को मिलेगा बढ़ावा



एक गृहिणी होने के नाते मैं रोजमर्रा के खर्चों को बारीकी से देखती हूं। इस बार सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल सेवाओं पर जोर दिया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और परिवार की देखभाल में कुछ राहत महसूस होती है। बिजली और इंटरनेट जैसी सुविधाओं पर सब्सिडी से घर का प्रबंधन थोड़ा आसान हो सकता है।

कीर्ति माहेश्वरी, गृहिणी, एमवीएल सोसायटी


वस्त्र उद्योग को मिलेगा बढ़ावा



वस्त्र उद्योग को रोजगार एवं निर्यात रणनीति का प्रमुख स्तंभ मानते हुए प्रोत्साहित की गई है। जो स्वागत योग्य है। वित्त मंत्री के प्रस्तुत 5 बिंदु योजना से उद्योग के आधुनिकीकरण, कच्चे माल में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आधार मिलेगा।

-हरिराम शर्मा, उद्यमी भिवाड़ी

कंटेनर निर्माण योजना एक ऐतिहासिक कदम



कंटेनर निर्माण क्षेत्र के लिए घोषित दस हजार करोड़ की योजना भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और रणनीतिक क्षमता को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्तमान में कंटेनरों के लिए देश की आयात पर निर्भरता है। यह नीति देश में घरेलू कंटेनर उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात निर्भरता को कम करेगी और निर्यात के माध्यम से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा अर्जित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

कैप्टन पंकज कुमार,
उद्यमी, भिवाड़ी

पब्लिक ओपिनियन

ठोस घोषणा नहीं हुई



किसानों और महिलाओं के लिए ठोस घोषणा नहीं हुई, वहीं ई-व्हीकल, बैट्री और विदेश यात्रा पर टैक्स में कटौती सकारात्मक कदम है।

-ओमप्रकाश रोहा, अध्यक्ष, व्यापार महासंघ

अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान



दवा उद्योग के लिए घोषित नीतियां हमारे क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करती हैं। सरकार ने अनुसंधान एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया है।

-रंजन मेहता, उद्यमी भिवाड़ी

शिक्षा पर बजट बढ़ाना चाहिए था



बजट बड़े उद्योगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। किसानों, महिलाओं और युवाओं को केवल आश्वासन मिले हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में बजट बढ़ाना चाहिए था। **-गिरीश डाटा**, कांग्रेस नेता

इलेक्ट्रॉनिक हब बनेगा



इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 40 हजार करोड़ के शुद्ध फंड तथा भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 की शुरुआत तकनीकी भविष्य को नई दिशा देने वाला निर्णय है।**-कमल पोवाल**, उद्यमी भिवाड़ी

औद्योगिक संतुलन होगा



200 औद्योगिक क्लस्टर के गठन तथा रासायनिक पार्कों के विकास की घोषणा भारतीय निर्माण, पैकेजिंग और रसायन उद्योग के लिए एक दूरदर्शी एवं निर्णायक पहल है।**-सतिवर सिंह चौहान**, उद्यमी भिवाड़ी

रोजगार सृजन को मिलेगा बल



यह बजट विकासोन्मुखी और दूरदर्शी है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूती मिली है।

- पवन यादव, भाजपा जिला महामंत्री, खैरथल

बीआईआईए की मांग: भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फॉल्ट लोकेटिंग मशीन स्वीकृत



बीआईआईए का आरएसपीसीबी अध्यक्ष से जयपुर में प्रतिनिधिमंडलीय संवाद

अलवर न्यूज

जयपुर/भिवाड़ी। भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख पर्यावरणीय, नियामक एवं व्यावहारिक समस्याओं को लेकर भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) के प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) के अध्यक्ष आलोक गुप्ता, आईएएस से उनके जयपुर स्थित कार्यालय में भेंट की। जिसमें प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सुरेश अग्रवाल एवं इंदरपाल शर्मा भी सम्मिलित रहे। बैठक के दौरान बीआईआईए द्वारा आरएसपीसीबी अध्यक्ष को उद्योगों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत लिखित प्रतिवेदन सौंपे गए तथा प्रत्येक बिंदु पर क्रमबद्ध एवं तथ्यात्मक चर्चा की गई।



उद्योग श्रेणीकरण से संबंधित विषय

प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिनांक 12 फरवरी 2025 के दिशानिर्देशों को व्यवहार में केवल नवीन परिचालन सहमति आवेदनों तक सीमित रखा जा रहा है, जबकि अनेक मौजूदा उद्योग नवीन दिशानिर्देशों के अनुसार ऑरेंज श्रेणी में आते हैं। इसके बावजूद उन्हें रेड श्रेणी मानकर निगरानी एवं दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। बीआईआईए ने मांग की कि ऐसे उद्योगों को बिना नया आवेदन कराए रेड श्रेणी से मुक्त किया जाए।

निर्माण एवं ध्वस्तीकरण साइट्स पर बैंक गारंटी का विषय

बीआईआईए ने निर्माण एवं ध्वस्तीकरण साइट्स पर पचास हजार रुपये की अनिवार्य बैंक गारंटी को छोटे ठेकेदारों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग इकाइयों पर अत्यधिक वित्तीय बोझ बताया। प्रतिनिधिमंडल ने इसे उद्योग-हित एवं सुगम व्यवसाय वातावरण के विपरीत बताते हुए बैंक गारंटी के स्थान पर चरणबद्ध चेतावनी प्रणाली एवं गैर-वित्तीय अनुपालन तंत्र लागू करने का सुझाव दिया।

फाइल निस्तारण में विलंब की समस्या

प्रतिनिधिमंडल ने यह विषय प्रमुखता से उठाया कि विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की फाइलें मुख्यालय स्तर पर एक माह या उससे अधिक समय तक लंबित रहती हैं, जिससे उत्पादन ठप हो जाता है, उद्योगों को भारी आर्थिक क्षति होती है तथा श्रमिकों की आजीविका प्रभावित होती है।

आरएसपीसीबी पोर्टल एवं ऑनलाइन प्रणाली की कठिनाइयाँ

बीआईआईए ने पोर्टल पर बार-बार तकनीकी खराबी, सर्वर डाउन, भुगतान अटकने एवं आवेदन स्थिति अद्यतन न होने जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि ऐसी स्थिति में उद्योगों पर विलंब का दोष मढ़कर दंडात्मक कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है।

सीईटीपी, डंपिंग यार्ड एवं विशेष प्रयोजन वाहन से जुड़े मुद्दे

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में सामूहिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गठित विशेष प्रयोजन वाहन की पारदर्शिता, लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं वास्तविक उद्योग भागीदारी के अभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। केहरानी-चोपांकी औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित मामलों में वर्षों से प्रगति न होने, वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी एवं तकनीकी रूप से अव्यवहारिक स्थल चयन जैसे मुद्दे भी सामने रखे गए।

इंडक्शन फर्नेस इकाइयों का श्रेणीकरण

बीआईआईए ने स्पष्ट किया कि दिनांक 02 जून 2020 के आदेश तथा संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार पाँच मीट्रिक टन प्रति घंटा से कम क्षमता वाली इंडक्शन फर्नेस इकाइयाँ ऑरेंज श्रेणी में आती हैं। इसके बावजूद उन्हें रेड श्रेणी में रखे जाने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों पर अनुपातहीन आर्थिक एवं अनुपालन भार पड़ रहा है।

बैठक के अंत में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को धैर्यपूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि उद्योगों के समुचित एवं सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक एवं यथोचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, व्यावहारिक एवं उद्योग-अनुकूल बनाने की दिशा में मंडल द्वारा आवश्यक सुधार किए जाएंगे। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने सकारात्मक संवाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आरएसपीसीबी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों को भी सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

पर्यावरण और भिवाड़ी उद्योग के संतुलन बनाने की प्रभावी कोशिश

भिवाड़ी उद्योगों की समस्याओं पर आरएसपीसीबी का सकारात्मक रुख

आरएसपीसीबी अध्यक्ष से बीआईआईए का सकारात्मक संवाद, नियमों को व्यावहारिक बनाने पर जोर

भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान) भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित उद्योगों की पर्यावरणीय, नियामक और व्यावहारिक समस्याओं को लेकर भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) के अध्यक्ष आलोक गुप्ता से जयपुर में विस्तृत संवाद किया। बैठक में उद्योगों से जुड़े जमीनी मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई और समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल के संकेत मिले। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सुरेश अग्रवाल, इंदरपाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। एसोसिएशन की ओर से उद्योगों की समस्याओं को लेकर एक विस्तृत लिखित प्रतिवेदन सौंपा गया, जिस पर बिंदुवार चर्चा की गई।



आरएसपीसीबी अध्यक्ष ने दिया सुधार का आश्वासन

आरएसपीसीबी अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, व्यावहारिक और उद्योग-अनुकूल बनाने की दिशा में सुधार का आश्वासन दिया। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने सकारात्मक और रचनात्मक संवाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आरएसपीसीबी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। यह बैठक भिवाड़ी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र के लिए उद्योग-प्रशासन समन्वय की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

उद्योग श्रेणीकरण से लेकर पोर्टल की दिक्कतें उठीं

बैठक में प्रमुख रूप से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 12 फरवरी 2025 के दिशानिर्देशों को केवल नए आवेदनों तक सीमित रखने का मुद्दा उठाया गया। बीआईआईए ने बताया कि कई मौजूदा उद्योग नए मानकों के अनुसार ऑरेंज श्रेणी में आते हैं, बावजूद इसके उन्हें रेड श्रेणी में रखकर अनावश्यक निगरानी और दंड झेलना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने ऐसे उद्योगों को बिना नए आवेदन के रेड श्रेणी से मुक्त करने की मांग की। निर्माण एवं ध्वस्तीकरण स्थलों पर 50 हजार रुपये की बैंक गारंटी को एमएसएमई और छोटे ठेकेदारों के लिए भारी वित्तीय बोझ बताते हुए, इसके स्थान पर चरणबद्ध चेतावनी प्रणाली लागू करने का सुझाव दिया गया।

फाइल निस्तारण में देरी से उत्पादन प्रभावित

बीआईआईए ने आरएसपीसीबी मुख्यालय स्तर पर फाइलों के एक माह या उससे अधिक समय तक लंबित रहने का मुद्दा उठाया। इससे उद्योगों का उत्पादन रुकने, आर्थिक नुकसान होने और श्रमिकों की आजीविका प्रभावित होने की बात कही गई। साथ ही आरएसपीसीबी पोर्टल पर सर्वर डाउन, भुगतान अटकने और आवेदन की स्थिति अपडेट न होने जैसी तकनीकी समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया गया।

सीईटीपी और इंडक्शन फर्नेस का मुद्दा भी उठा

बैठक में सीईटीपी, डंपिंग यार्ड एवं विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के संचालन में पारदर्शिता और उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने की मांग रखी गई। केहरानी-चोपांकी क्षेत्र में वर्षों से सीईटीपी परियोजना में प्रगति न होने, वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी और तकनीकी रूप से अव्यवहारिक स्थल चयन पर भी सवाल उठाए गए। इंडक्शन फर्नेस इकाइयों को लेकर 2 जून 2020 के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि 5 मीट्रिक टन प्रति घंटा से कम क्षमता वाली इकाइयों को ऑरेंज श्रेणी में रखा जाना चाहिए, लेकिन रेड श्रेणी में रखने से एमएसएमई पर अनुपातहीन बोझ पड़ रहा है।

आरएसपीसीबी अध्यक्ष को बीआईआईए ने उद्योगों की समस्या बताई, रेड श्रेणी से मुक्त करने की मांग

ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी खराबी, सर्वर डाउन, भुगतान अटकने जैसी समस्याएं बताईं

भास्कर न्यूज़ | भिवाड़ी

भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी पर्यावरणीय, नियामक और व्यावहारिक समस्याओं को लेकर बीआईआईए का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रवीण लांबा के नेतृत्व में जयपुर स्थित कार्यालय में आरएसपीसीबी अध्यक्ष आलोक गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल में सुरेश अग्रवाल और इंदरपाल शर्मा भी शामिल रहे। बैठक में बीआईआईए ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत लिखित प्रतिवेदन सौंपते हुए बिंदुवार चर्चा की।

उद्योग श्रेणीकरण के मुद्दे पर बताया गया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 12 फरवरी 2025 के दिशानिर्देशों का लाभ केवल नए परिचालन



आरएसपीसीबी अध्यक्ष से मुलाकात करते हुए।

एवं ध्वस्तीकरण साइट्स पर 50 हजार रुपए की अनिवार्य बैंक गारंटी को छोटे ठेकेदारों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए इसे समाप्त कर चरणबद्ध चेतावनी प्रणाली और गैर-वित्तीय अनुपालन तंत्र लागू करने

असर पड़ता है। ऑनलाइन पोर्टल पर बार-बार तकनीकी खराबी, सर्वर डाउन, भुगतान अटकने और आवेदन स्थिति अपडेट न होने जैसी समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया गया। बीआईआईए ने कहा कि तकनीकी खामियों के बावजूद उद्योगों पर विलंब का दोष डालकर कार्रवाई करना उचित नहीं है। सीईटीपी, डंपिंग यार्ड और सामूहिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए गठित विशेष प्रयोजन वाहन की पारदर्शिता व उद्योगों की भागीदारी के अभाव पर चिंता जताई गई। कहरानी–चौपानकी औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े मामलों में वर्षों से प्रगति नहीं होने, वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी और तकनीकी रूप से अनुपयुक्त स्थल चयन का मुद्दा भी रखा गया।

आरएसपीसीबी अध्यक्ष से जयपुर में बैठक, मौजूदा उद्योगों को राहत की मांग

भिवाड़ी उद्योगों को रेड जोन से बाहर करने की मांग



भिवाड़ी, भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) ने भिवाड़ी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित उद्योगों की पर्यावरणीय एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) के अध्यक्ष आलोक गुप्ता से जयपुर में विस्तृत बैठक की। इस दौरान उद्योगों को रेड जोन से बाहर करने की प्रमुख मांग रखी गई।

बीआईआईए के अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सुरेश अग्रवाल और इंदरपाल शर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। एसोसिएशन ने उद्योगों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा और प्रत्येक बिंदु पर चर्चा की।

बैठक में बीआईआईए अध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 12 फरवरी 2025 के दिशानिर्देशों को केवल नए आवेदनों तक सीमित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई मौजूदा उद्योग नए मानकों के अनुसार ऑरेंज श्रेणी में आते हैं, लेकिन उन्हें अभी भी रेड श्रेणी में रखकर निगरानी और कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। बीआईआईए ने मांग की कि ध्वस्तीकरण साइट्स पर 50 हजार रुपए की अनिवार्य बैंक गारंटी को छोटे ठेकेदारों और एमएसएमई इकाइयों पर भारी वित्तीय बोझ बताया। इसके अलावा, मुख्यालय स्तर पर फाइलों के एक माह या उससे अधिक समय तक लंबित रहने से उत्पादन ठप होने, आर्थिक नुकसान और मजदूरों के रोजगार प्रभावित होने की समस्या भी उठाई गई।

आरएसपीसीबी पोर्टल की तकनीकी समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया गया, जिनमें बार-बार सर्वर डाउन होना, भुगतान अटकना और आवेदन की स्थिति स्पष्ट न होना शामिल है। एसोसिएशन केहरानी-चौपानकी क्षेत्र में वर्षों से विकास पर ध्यान न देने, नियमों की अनदेखी और तकनीकी रूप से अव्यवहारिक स्थानों के चयन जैसे मुद्दे भी उठाए गए। इसके अलावा, 2 जून 2020 के आदेश के अनुसार 5 मीट्रिक टन प्रति घंटा से कम क्षमता वाली इकाइयों को ऑरेंज श्रेणी में आना चाहिए, लेकिन उन्हें रेड श्रेणी में रखने से एमएसएमई पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है।

बैठक में आरएसपीसीबी अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने सभी बिंदुओं को धैर्यपूर्वक सुना और उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने

ज्ञापन सौंपा: परेशान उद्यमियों ने समस्याएं बताईं

सीपीसीबी के नियमों में असमंजस, एक जैसे उद्योग, मगर श्रेणियां अलग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



बीआईआईए- औद्योगिक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस-उद्योग संवादात्मक बैठक आयोजित



बीआईआईए हाउस में औद्योगिक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिस-उद्योग संवादात्मक बैठक आयोजित

अलवर न्यूज



BIIA के अध्यक्ष का आरएसपीसीबी अध्यक्ष से जयपुर में प्रतिनिधिमंडलीय संवाद



आरएसपीसीबी पोर्टल एवं ऑनलाइन प्रणाली की कठिनाइयाँ

इंडक्शन फर्नेस इकाइयों का श्रेणीकरण

उद्योग श्रेणीकरण से संबंधित विषय

निर्माण एवं ध्वस्तीकरण साइट्स पर बैंक गारंटी का विषय

फाइल निस्तारण में विलंब की समस्या

राज्य के बजट से उम्मीदें... आधुनिकीकरण और बाजार विस्तार के लिए नीतिगत समर्थन से बढ़ेंगे उद्योग

एमएसएमई के लिए सस्ती वित्तीय सहायता, तकनीकी और कौशल विकास जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भिवाड़ी. आगामी राज्य बजट को लेकर उद्यमियों ने बीआइआइए कार्यालय कहरानी में टॉक शो किया। उद्यमियों ने राज्य सरकार से बजट में उद्योग हित की नीति बनाने और लागू करने की मांग की, उद्यमियों ने कहा कि वर्तमान समय में उद्योगों के सामने कई तरह की समस्याएं हैं, जिनका निराकरण जरूरी है।



भिवाड़ी. आगामी बजट को लेकर चर्चा करते उद्यमी।

बजट उद्योगों के लिए नई ऊर्जा और विश्वास का संदेश देने वाला होना चाहिए। भिवाड़ी सहित राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ सड़क व लॉजिस्टिक्स अवसंरचना, एमएसएमई के लिए सस्ती वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन और कौशल विकास पर विशेष प्रावधान आवश्यक हैं। साथ ही पर्यावरणीय अवसंरचना, जल प्रबंधन और सरल एकल खिड़की स्वीकृति प्रणाली को प्रभावी बनाकर ही राजस्थान को निवेश, उत्पादन और रोजगार सृजन का अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाया जा सकता है।
प्रवीण लाम्बा, अध्यक्ष, बीआइआइए

उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए राज्य बजट में विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए। तकनीकी प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और उद्योग-संबद्ध पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को दक्ष बनाया जाए। ताकि प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो।
विपिन चौधरी, उद्योगपति

तकनीकी उन्नयन के लिए प्रोत्साहन का स्पष्ट प्रावधान किया जाना चाहिए। यदि उद्योगों को गुणवत्ता सुधार, आधुनिकीकरण और बाजार विस्तार के लिए नीतिगत समर्थन मिले, तो राज्य निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बन सके।
संजय खन्ना, उद्योगपति

लीन निर्माण पद्धतियों और 'शून्य दोष - शून्य प्रभाव' प्रमाणन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। यदि एमएसएमई इकाइयों को प्रक्रिया सुधार, लागत दक्षता और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन के लिए तकनीकी व वित्तीय सहयोग मिले।
अवनीश कुमार सिंह

उद्योगों की परिचालन दक्षता, अपव्यय में कमी और गुणवत्ता सुधार के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षण एवं संस्थागत समर्थन अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में लीन विनिर्माण पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा आवश्यक प्रोत्साहन योजनाओं को राजस्थान बजट में समुचित स्थान दिया जाना चाहिए।
बृज भूषण, भिवाड़ी

राज्य बजट में उद्योगों को प्रदेश स्तर पर कर अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए और हरित तकनीक अपनाने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। जिसके चलते उद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण में कमी आएगी।
सुरजीत शर्मा, केसरी अलॉयज

प्रतिस्पर्धी औद्योगिक वातावरण में लागत नियंत्रण, गुणवत्ता सुधार और समयबद्ध उत्पादन अत्यंत आवश्यक हैं। यदि उद्योगों को प्रक्रिया सुधार और दक्षता बढ़ाने हेतु नीतिगत एवं प्रशिक्षण सहयोग मिले, तो वे अधिक सशक्त और प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।
सुकुमार पात्रा, उद्योगपति

बीआईआईए- औद्योगिक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस-उद्योग संवादात्मक बैठक आयोजित



वीडल ऑफ प्रोटेक्ट भिवाड़ी

पुलिस व उद्यमियों के बीच संवाद में उद्योग क्षेत्र में कानून व्यवस्था में सुधार की मांग

बीआईआईए हाउस में हुई बैठक, निरंतर पुलिस गश्त करवाने की मांग की

भास्कर न्यूज़ | भिवाड़ी

बीआईआईए हाउस में गुरुवार को पुलिस व उद्योग प्रतिनिधियों के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर संवादात्मक बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण विभागीय अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। उद्देश्य उद्योगों की व्यावहारिक समस्याओं को समझना और पुलिस-उद्योग समन्वय को मजबूत करना रहा। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने औद्योगिक क्षेत्र में बीट कांस्टेबल की नियमित तैनाती, निरंतर पुलिस गश्त और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता उठाई। एसपी प्रशांत किरण ने विभाग की भौगोलिक सीमाओं व चुनौतियों से उद्योग प्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने सामूहिक सुरक्षा



भिवाड़ी. बीआईआईए हाउस में हुई बैठक में मौजूद एसपी व उद्योगपति।

व्यवस्था मजबूत करने, सड़कों की ओर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने और किसी भी घटना की सूचना तुरंत साझा करने की अपील की। साथ ही फर्जी निवेश योजनाओं, साइबर ठगी और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। उद्योग प्रतिनिधियों ने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, गेटेड औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकता और कबाड़ व्यापारियों के सत्यापन जैसे मुद्दे उठाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार कर समाधान का आश्वासन दिया। सचिव हरीश गौड़ ने संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की जानकारी साझा करने का अनुरोध किया, ताकि उद्योगों के सहयोग से निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके। बैठक में कमलदीप, सुरेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय कालरा, विरल गर्ग, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

युवा शक्ति को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना होगा– निम्बा

अलवर न्यूज





युवा शक्ति को नौकरी मांगने वाला न
नौकरी देने वाला बनना होगा– निम्बाराम







रोजगार और स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन व नेटवर्किंग उपलब्ध कराई जाएगी
युवा शक्ति व उद्यमी संगम कार्यक्रम: आधुनिक मशीनरी, स्किल डेवलपमेंट कोर्स की जानकारी दी

भास्कर न्यूज़ भिवाड़ी



भिवाड़ी, कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य लोग।

बीआईआईए एवं मोरिशेकू टेक्नोलॉजी इंडिया प्रा. लि. ने चोपानकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक सामग्री भेंट की
उद्योगों की सामाजिक उत्तरदायित्व पहल से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मिला सशक्त सहयोग

भिवाड़ी टाइम्स



बीआईआईए एवं मोरिशेकू टेक्नोलॉजी इंडिया प्रा. लि. ने चोपा
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक सामग्री भेंट की
उद्योगों की सामाजिक उत्तरदायित्व पहल से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मिला सशक्त सहयोग

अलवर न्यूज



बीआईआईए, एमसमएमई टेक्नोलॉजी सेंटर
युवा शक्ति और उद्योग का स
कौशल से आत्मनिर्भरता पर जोर



भिवाड़ी में उद्योगों की सीएसआर पहल
पीएचसी को आवश्यक सामग्री की भेंट



नई श्रम संहिता को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया
नियमों की पालना करने से अनावश्यक
कानूनी समस्याओं से बच सकते हैं उद्योग

भास्कर न्यूज़ भिवाड़ी

नई श्रम संहिताओं पर संगोष्ठी आयोजित, उद्योगों
को मिला अनुपालन का विस्तृत मार्गदर्शन

अलवर न्यूज



नई श्रम संहिताओं पर संगोष्ठी आयोजित, उद्यो
को मिला अनुपालन का विस्तृत मार्गदर्शन

भिवाड़ी टाइम्स



BIIA एवं मोरिशेकू टेक्नोलॉजी इंडिया प्रा. लि. द्वारा चोपांकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक सामग्री भेंट



उद्योगों की सामाजिक उत्तरदायित्व पहल से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मिला सशक्त सहयोग

नई श्रम संहिताओं पर संगोष्ठी, उद्योगों को मिला मार्गदर्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भिवाड़ी, बैठक में उपस्थित उद्यमी।

संगोष्ठी में उद्योगों की नई श्रम संहिताओं व्यावहारिक चुनौतियों के बारे में बताया

भास्कर न्यूज | भिवाड़ी

बीआईआईए द्वारा नई श्रम संहिताओं पर औद्योगिक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र की सुरक्षा 50 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उद्योगों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधान, प्रभाव, अनुपालन प्रक्रियाओं, व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता मानव संसाधन विशेषज्ञ संदीप कुमार पुपल ने विनय भांबरा मुख्य वक्ता संदीप कुमार पुपल ने बताया कि नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन के लिए उद्योगों को अपने एचआर सिस्टम, वेतन संरचना, श्रम अधिलेख, डिजिटल अनुपालन प्रक्रियाओं तथा श्रमिकों से संबंधित दस्तावेजों को पारदर्शी बनाने के लिए व्यवस्थाओं में आवश्यक संशोधन करने होंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रवीण लांबा, हरीश प्रभाव और अनुपालन प्रक्रियाओं के चारभाओं, उनके कुमार, मनीष सैनी आदि मौजूद रहे।



भिवाड़ी. संगोष्ठी में भाग लेते फैक्ट्रियों के प्रतिनिधि

आयोजन | 50 से अधिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

नई श्रम संहिताओं पर संगोष्ठी, उद्यमियों को मिला मार्गदर्शन

भिवाड़ी @ पत्रिका. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) द्वारा कहानी में बुधवार को नई श्रम संहिताओं पर औद्योगिक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की करीब 50 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नए कानूनों और उनके अनुपालन की जानकारी प्राप्त की।

संगोष्ठी का उद्देश्य उद्योगों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों, उनके प्रभाव और अनुपालन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में मानव संसाधन विशेषज्ञ संदीप पुपल और विनय भांबरा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण में नई श्रम संहिताओं की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और उद्योगों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को सरल तरीके से समझाया।



भिवाड़ी. सेमिनार में उपस्थित उद्यमी।

इस दौरान वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता के प्रमुख प्रावधानों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

विशेषज्ञों ने बताया की नई श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उद्योगों को अपने एचआर सिस्टम, वेतन संरचना, श्रम अभिलेखों और डिजिटल अनुपालन प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव करने होंगे। समयबद्ध और सुव्यवस्थित अनुपालन से उद्योग कानूनी जटिलताओं से बच सकते हैं और श्रमिक-प्रबंधन संबंधों में सुधार संभव है। कार्यक्रम में बीआईआईए के अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा, मानद सचिव हरीश गौड़ सहित कई उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी समस्याएं और जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान प्रस्तुत किया।

बीआईआईए द्वारा नई श्रम संहिताओं संगोष्ठी आयोजित, उद्योगों को मिला अनुपालन का विस्तृत मार्गदर्शन



बीआईआईए में औद्योगिक सौहार्द, श्रमिक-नियोक्ता स एवं प्रशासनिक सहयोग पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

अक्षय न्यूज

भिवाड़ी. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में शांति, समन्वय एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज बीआईआईए हाउस, कहानी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीआईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी. एल. अग्रवाल ने की। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों का व्यापार करते हुए उद्योगों की सुरक्षा और औद्योगिक शांति बनाए रखने के ही उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा किया।

इस अवसर पर भिवाड़ी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर, उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा तथा उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि केवल सरकारी आदेश और आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। उन्होंने श्रमिकों और प्रबंधन के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर ने उद्योगों को संयोधित करते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए समन्वय और धैर्य रखने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने श्रमिकों को न्यूनतम वेतन से अधिक वेतन देने के प्रयासों की सराहना की। उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए नियमित बैठकों और सकारात्मक संवाद बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि किसी भी विवाद का समय रहते समाधान हो सके। वहीं, उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उद्योगों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल को आवश्यक बताया।

बैठक में फैक्ट्री गेट पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अफवाहों से दूर रहने, श्रमिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा किसी भी विवाद की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। अंत में बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और निरंतर विकास के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।



उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी ने बताया अवसाय प्रबंधन रखने के लिए उद्योगों और प्रशासन के बीच सतत समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगों से संबंधित विषयों पर सुझाव तुरंत पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी के औद्योगिक विकास में शांति, स्थिरता और निरंतर विकास की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी में औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन हमेशा उद्योगों के साथ खड़ा है।

बैठक के दौरान उद्योगों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इनमें फैक्ट्री गेट पर सुरक्षा एवं निगरानी बढ़ाने, आपातकालीन स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना देने, श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा औद्योगिक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने जैसे सुझाव शामिल थे। बैठक में उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों ने इन सुझावों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि वे इन्हें अपने-अपने स्तर पर लागू करेंगे।

अंत में उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर ने सभी उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भिवाड़ी की पहचान एक मजबूत औद्योगिक केंद्र के रूप में बनी हुई है और इसे इसी रूप में बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन उद्योगों की हर संभव मदद के लिए तत्पर है।

भिवाड़ी में औद्योगिक सौहार्द को लेकर बड़ी पहल: बीआईआईए अहम बैठक में प्रशासन और उद्योगों ने मिलकर बनाई रणनीति

भिवाड़ी टाइम्स

भिवाड़ी. औद्योगिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा आज कहानी स्थित बीआईआईए हाउस में एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपखंड और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, उपखंड अधिकारी श्री लक्ष्मन सिंह गुर्जर, उप श्रम आयुक्त सुश्री प्रज्ञा शर्मा तथा उप पुलिस अधीक्षक श्री कैलाश चौधरी शामिल थे। इसके अलावा बीआईआईए के मानद संरक्षक श्री हरि राम शर्मा, श्री ओ. पी. अग्रवाल, श्री राम प्रकाश गर्ग और श्री सतिंदर सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। व्यवसाय 90 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने इस बैठक को आपसी समन्वय का एक सशक्त मंच बना दिया।



बैठक में बीआईआईए के पदाधिकारियों, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों सहित लगभग 90 प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। उपखंड प्रशासन ने उद्योग और प्रशासन के बीच विश्वास, सहयोग और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया। इस अवसर पर बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए बीआईआईए और प्रशासन के बीच संवाद और समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

बैठक में औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और आंशिक सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उद्योगों द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा और शांतिपूर्ण औद्योगिक वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सरकारी आदेश और आधिकारिक अधिसूचनाएं ही विश्वसनीय होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ सभी पक्षों की बात सुनकर निर्णय लेता है और औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए श्रमिकों और प्रबंधन के बीच संवाद अत्यंत आवश्यक है। उपखंड अधिकारी श्री लक्ष्मन सिंह गुर्जर ने उद्योगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों समय-समय पर आ सकती हैं, लेकिन इनके समाधान के लिए धैर्य और समन्वय जरूरी है। उन्होंने उद्योगों द्वारा श्रमिकों को न्यूनतम वेतन से अधिक वेतन देने की सराहना की और इसे औद्योगिक सौहार्द का सकारात्मक संकेत बताया। उप श्रम आयुक्त सुश्री प्रज्ञा शर्मा ने श्रमिकों के हितों की सुरक्षा पर जोर देते हुए उद्योगों से नियमित संवाद और समूह बैठकों के आयोजन की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित विवाद या जटिल स्थिति को तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देना चाहिए ताकि समय रहते समाधान निकाला जा सके।

बैठक के दौरान उद्योगपतियों और औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में यह स्वीकार किया कि उपखंड और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय ही क्षेत्र के सतत विकास की कुंजी है। अंत में बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संगठन ने आगे भी इस प्रकार की बैठकें आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया, जिससे औद्योगिक विकास को और मजबूती मिल सके।

बीआईआईए की पहल पर नई श्रम संहिताओं पर संगोष्ठी- उद्योगों को मिला स्पष्ट एवं उपयोगी अनुपालन मार्गदर्शन



रसोई गैस संकट: उत्पादन 40-50% घटा, कई इकाइयां बंद होने की क ईंधन की किल्लत: औद्योगिक गलियारों में छाई बेकारी की काली छाया, पलायन बढ़ा

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

जयपुर. एलपीजी गैस संकट के कारण औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन 40-50 प्रतिशत तक घट गया है और कई छोटी इकाइयां बंद होने की कगार पर हैं। कामगारों की संख्या में भी तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। उत्पादन प्रभावित होने से कई औद्योगिक इलाकों में बेरोजगारी बढ़ी है और दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

कोटा फुसिया उत्पादन घटा

उत्पादनों औद्योगिक इलाकों की करीब 25 प्रतिशत इकाइयां या तो पूरी तरह बंद हो गई हैं। इससे पहले करीब 1,000 श्रमिक काम के सिलसिले में बाहर गए थे। लेकिन अब वे वापस लौट रहे हैं। इससे इन इलाकों में बेरोजगारी और गहरा गई है।

जोधपुर: 100 इकाइयां बंद

जोधपुर में रेडिमेड उद्योग पर भी संकट गहराया है। 100 से अधिक इकाइयां बंद हो चुकी हैं और करीब 30 हजार श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में और इकाइयों के बंद होने की आशंका है।

कामगारों में ही आपूर्ति

कर्मचारी संगठनों के अनुसार, कई औद्योगिक इलाकों में अब केवल 30 से 40 प्रतिशत कामगार ही काम पर लौटे हैं। कारीगरों की कमी के कारण उत्पादन और गिर गया है। कामगारों को वेतन भुगतान में भी देरी हो रही है।

पलायन को मजबूर

मजदूरों को काम मिलने के लिए एजेंसियों की भूमिका बढ़ गई है। यही एजेंसियां अब कामगारों को पलायन के लिए तैयार कर रही हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि गैस की आपूर्ति में सुधार होने में कई महीने लग सकते हैं।

भिवाड़ी में 1500 करोड़ का नुकसान

भिवाड़ी में स्थित सभी गैस आधारित इकाइयां बंद हो गई हैं। करीब 1,000 श्रमिक काम से हटाए गए हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि यदि गैस आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई तो करीब 1,500 करोड़ रुपए का नुकसान होगा।

जयपुर: 20-30% श्रमिकों का पलायन

जयपुर के आस-पास के औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 20-30% श्रमिक अपने गांव लौट गए हैं। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि कई इकाइयों में उत्पादन 50% तक गिर गया है।

भिवाड़ी में औद्योगिक सौहार्द पर मंथन, उद्योग प्रशासन समन्वय को लेकर अहम बैठक

भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान)

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में शांति, श्रमिक-उद्योग समन्वय और सुचारु संचालन को मजबूत करने के उद्देश्य से कहानी स्थित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चली, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी. एल. अग्रवाल ने की।

बैठक में भिवाड़ी औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, राजकुमार उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर, उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा, भिवाड़ी पुलिस उपखंडाधिकारी कैलाश चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा एसोसिएशन के मानद आयवाल, राम प्रकाश गर्ग और संरक्षक हरि राम शर्मा, ओ. पी. सतिंदर सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। लगभग 90 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि केवल सरकारी आदेश और आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा किया जाए। प्रशासन सभी पक्षों की सुनकर निष्पक्ष निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर ने विद्युत आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए समन्वय और धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता बताई। उन्होंने उद्योगों द्वारा श्रमिकों को बेहतर वेतन देने की सराहना की। वहीं उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने श्रमिकों के हितों की रक्षा और नियमित संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस उपाधीक्षक कैलाश चौधरी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उद्योग और प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित विवाद या जटिल स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उद्योगों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए। इनमें फैक्ट्री परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, गेट पर नियमनी बढ़ाना, अफवाहों से दूर रहना, केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना, श्रमिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखना और किसी भी विवाद की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देना शामिल है। इन उपायों के माध्यम से औद्योगिक शांति और उत्पादन की निरंतरता को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों, बीआईआईए पदाधिकारियों और औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में यह स्वीकार किया कि उद्योग और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय ही क्षेत्र के सतत विकास की कुंजी है। अंत में बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संगठन ने आगे भी इस प्रकार की बैठकें आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया, जिससे औद्योगिक विकास को और मजबूती मिल सके।

इंटरनेट मीडिया पर फैल रही अफवाहों भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहें: एएसपी

संवाद सहयोगी, जगतपुरा > भिवाड़ी. औद्योगिक क्षेत्र में शांति, समन्वय और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) की ओर से कुसमा की कहानी स्थित बीआईआईए हाउस में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता बीआईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल अग्रवाल ने की। इनमें अधिकारियों का कहना रहने हुए, उद्योगों की सुरक्षा और औद्योगिक शांति बनाए रखने के ही उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उद्योग और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित विवाद या जटिल स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उद्योगों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए। इनमें फैक्ट्री परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, गेट पर नियमनी बढ़ाना, अफवाहों से दूर रहना, केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना, श्रमिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखना और किसी भी विवाद की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देना शामिल है। इन उपायों के माध्यम से औद्योगिक शांति और उत्पादन की निरंतरता को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों, बीआईआईए पदाधिकारियों और औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में यह स्वीकार किया कि उद्योग और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय ही क्षेत्र के सतत विकास की कुंजी है। अंत में बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संगठन ने आगे भी इस प्रकार की बैठकें आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया, जिससे औद्योगिक विकास को और मजबूती मिल सके।



बीआईआईए हाउस कहानी में हुई बैठक में औद्योगिक सौहार्द और समन्वय पर चर्चा करते औद्योगिक पुलिस अधीक्षक अतुल साहू

बीआईआईए की महत्वपूर्ण बैठक सम्प औद्योगिक सौहार्द व समन्वय पर जोर

वॉइस ऑफ पत्रिज्ञा भिवाड़ी

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (**पत्रिका**ह्द) द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में शांति, समन्वय और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को बीआईआईए हाउस, कहानी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल ने की। बैठक में भिवाड़ी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों–अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर, उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा तथा उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी–ने भाग लिया। इसके अलावा बीआईआईए के मानद संरक्षक हरिराम शर्मा, ओ.पी. अग्रवाल, राम प्रकाश गर्ग और सतिंदर सिंह चौहान सहित करीब 90 औद्योगिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि केवल सरकारी आदेश और आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। उन्होंने श्रमिकों और प्रबंधन के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। उपखंड अधिकारी लक्ष्मन सिंह गुर्जर ने उद्योगों को संयोधित करते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए समन्वय और धैर्य रखने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने श्रमिकों को न्यूनतम वेतन से अधिक वेतन देने के प्रयासों की सराहना की। उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा के लिए नियमित बैठकों और सकारात्मक संवाद बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि किसी भी विवाद का समय रहते समाधान हो सके। वहीं, उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उद्योगों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल को आवश्यक बताया।

बैठक में फैक्ट्री गेट पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, अफवाहों से दूर रहने, श्रमिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा किसी भी विवाद की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। अंत में बीआईआईए की ओर से सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और निरंतर विकास के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।



सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाह से सतर्क रहें : एएसपी



भिवाड़ी @ पत्रिका. औद्योगिक क्षेत्र में शांति, समन्वय और कंपनियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एएसपी अतुल साहू, एसडीएम लखन सिंह गुर्जर, उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा, डीएसपी कैलाश चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से करीब 90 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एएसपी अतुल साहू ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाह से सतर्क रहने और सरकारी आदेशों को प्रमाणिक मानने का आह्वान किया। उन्होंने श्रमिकों-प्रबंधन के बीच निरंतर संवाद तथा प्रशासन की निष्पक्ष निर्णय लेने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। एसडीएम लखन सिंह गुर्जर ने उद्योगों की और से न्यूनतम वेतन से अधिक भुगतान की सराहना करते हुए औद्योगिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने कर्मचारी हितों की सुरक्षा के लिए पहल करने, नियमित समूह बैठकों और श्रमिकों से रचनात्मक संवाद बनाए रखने की सलाह दी। डीएसपी कैलाश चौधरी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उद्योग व प्रशासन के बीच सतत समन्वय पर बल देते हुए संभावित विवादों की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया। बैठक में सभी फैक्टरी गेट पर सुरक्षा सुदृढ़ करने, अफवाहों से दूर रहने, श्रमिकों से नियमित संवाद, संभावित विवाद की सूचना तुरंत संबंधित प्राधिकरण को देने के सुझाव दिए गए। संयोजक बीआईआईए की ओर से सभी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया और औद्योगिक शांति व सतत विकास के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।

भिवाड़ी उद्योगों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाद सहयोगी, जागरण. भिवाड़ी: भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इसमें भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक, पर्यावरणीय, विद्युत, श्रम, स्वास्थ्य, अग्निशमन एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हुए समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बन चुका है जहां हजारों उद्योग संचालित हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। उद्योगों ने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने की समय सीमा में कम से कम दो माह की बढ़ोतरी करने के साथ श्रमिकों की कमी, गैस संकट, तकनीकी बदलाव और उपकरण आपूर्ति में देरी जैसी समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने इसपर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में भिवाड़ी की जर्जर विद्युत व्यवस्था, बढ़ते बिजली भार, बारबार बिजली बाधित होने, भूमिगत लाइन फाल्ट मशीन की कमी तथा तकनीकी कर्मचारियों के अभाव जैसे मुद्दे भी उठाए। उद्योग प्रतिनिधियों ने नए ग्रिड उपकेंद्र स्थापित करने और विद्युत ढांचे के आधुनिकीकरण की मांग रखी।



केंद्रीयमंत्री भूपेंद्र यादव को सम्मानित करते औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि• जागरण

प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक भूखंडों की बढ़ी सर्किल दरें, रिटेंशन शुल्क, हस्तांतरण शुल्क और अन्य शुल्कों को एमएसएमई उद्योगों के लिए राहत की मांग की। वहीं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल से संबंधित उद्योग श्रेणीकरण, संचालन सहमति में देरी, फ्लो मीटर निर्देशों और निरीक्षण प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने की आवश्यकता जताई। बैठक में राजस्थान और हरियाणा की न्यूनतम श्रमिक दरों में अंतर, श्रमिक पलायन और एनसीआर क्षेत्र के लिए व्यावहारिक मजदूरी नीति की मांग उठाई। इसके अलावा नगर परिषद सीमा में जारी टोल वसूली और बढ़े टोल शुल्क वापस लेने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर भिवाड़ी क्षेत्र में बढ़ती अग्निकांड घटनाओं को देखते हुए आधुनिक अग्निशमन केंद्र और नए दमकल वाहनों की आवश्यकता बताई। बीआइआइए ने भिवाड़ी एजुकेशन सोसायटी एवं माडर्न एकेडमी स्कूल के प्रबंधन में अनियमितताओं और पारदर्शिता के अभाव की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।

मंत्री ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में संगठन के मानद संरक्षक सतिंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, डीके यादव, हरीश गौड़, सुरेश अग्रवाल, इंदरपाल शर्मा, सुनील पाहवा, एचके पालीवाल सहित कई उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर हुई केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की विस्तृत बैठक



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ... कल्लन का बास, एम एल ए क्वाटर, नियर समाचार जगत, एम आई रोड, जयपुर- 302001, राजस्थान से मुद्रित एवं 2/166, काला कुंआ हाउसिंग रोड, अलवर, जिला अलवर - 301001, राजस्थान से प्रकाशित, संपादक: नितेश वशिष्ठ. Email: alwarnewschannel@gmail.com Mo.: 7742139123 आरएनआई न. RAJHIN/2022/81875

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की विस्तृत बैठक



भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठकें की







बीआईआईए प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से की मुलाकात

भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं और उद्योगों की चुनौतियों पर हुई चर्चा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी



भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर भिवाड़ी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उद्योगों से जुड़े नीतिगत, पर्यावरणीय, बिजली, श्रम और आधारभूत ढांचे से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि भिवाड़ी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बन चुका है, जहां हजारों औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके बावजूद उद्योगों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना के लिए निर्धारित समय-सीमा में कम से कम दो माह की राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की कमी, गैस संकट, उपकरणों की आपूर्ति में देरी तथा कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण उद्योगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बिजली व्यवस्था की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जर्जर ग्रिड उपकेंद्रों, बार-बार होने वाली बिजली कटौती, भूमिगत लाइनों की मरम्मत में आ रही परेशानियों और स्टाफ की कमी का मुद्दा रखा। साथ ही नए उपकेंद्रों की स्थापना, बिजली तंत्र के आधुनिकीकरण और अलग उप-विभाग बनाने की मांग की। बैठक में एमएसएमई उद्योगों पर बढ़ते वित्तीय बोझ का मुद्दा भी उठाया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने सर्किल रेट, रिटेंशन शुल्क, हस्तांतरण शुल्क और मुद्रांक शुल्क में हुई बढ़ोतरी पर चिंता जताई। इसके अलावा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने, उद्योग श्रेणीकरण, सहमति प्रक्रिया में देरी और स्वच्छ ईंधन परिवर्तन से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान और हरियाणा की न्यूनतम मजदूरी दरों में अंतर के कारण श्रमिक पलायन की समस्या उठाते हुए एनसीआर क्षेत्र के लिए अलग मजदूरी नीति लागू करने की मांग की। वहीं भिवाड़ी नगर परिषद क्षेत्र में हाल ही में बढ़ाए गए टोल शुल्क वापस लेने की मांग भी रखी गई। बढ़ती अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए उद्योगपतियों ने अग्निशमन सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने नए अग्निशमन वाहनों, आधुनिक फायर स्टेशन और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था विकसित करने की मांग की।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की पर्यावरणीय, आधारभूत संरचना व स्वास्थ्य पर की चर्चा

भिवाड़ी. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से बैठक की। औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित औद्योगिक, पर्यावरणीय, आधारभूत संरचना, श्रम, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा की।



भिवाड़ी. केंद्रीय मंत्री से मिले उद्यमी।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान के साथ एनसीआर का महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र बन चुका है, जहां हजारों औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा हैं। उद्यमियों ने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने के लिए निर्धारित समय-सीमा में न्यूनतम दो महीने की वृद्धि दिए जाने का विषय प्रमुखता से रखा। उद्योग प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में श्रमिकों की कमी, तकनीकी दिशा-निर्देशों में निरंतर परिवर्तन, गैस आपूर्ति संकट, उपकरण आपूर्ति में विलंब और कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण उद्योग निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था से संबंधित गंभीर विषयों पर भी चर्चा हुई। जर्जर जीएसएस, बढ़ते विद्युत भार, बार-बार विद्युत बाधित होने, फॉल्ट लोकेटर मशीन नहीं होने, मरम्मत बजट की कमी, जरूरी विद्युत सामग्री की कमी, तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी जैसे मुद्दे उठाए। उद्योगों पर बढ़ते वित्तीय भार का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। औद्योगिक भूखंड की सर्किल दर, रिटेंशन शुल्क, हस्तांतरण शुल्क, मुद्रांक शुल्क एवं अन्य शुल्कों में हुई भारी वृद्धि को उद्योग, विशेषकर एमएसएमई के लिए चिंताजनक बताया। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे परियोजना लागत, निवेश वातावरण एवं उद्योग स्थापना की प्रक्रिया प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रही है। आरपीसीबी से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं को भी बैठक में प्रमुखता से रखा गया। उद्योग श्रेणीकरण, संचालन सहमति प्रकरणों में अत्यधिक विलंब, प्रवाह मीटर संबंधी नोटिस, स्वच्छ ईंधन परिवर्तन प्रक्रिया, निरीक्षण संबंधी कठिनाइयों एवं अनुपालन प्रक्रियाओं के सरलीकरण की जरूरत पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सतिन्दर सिंह चौहान, बृजमोहन अग्रवाल, डीके यादव, हरीश गौड़, सुरेश अग्रवाल, इंदरपाल शर्मा, सुनील पाहवा एवं एचके पालीवाल सहित अन्य वरिष्ठ उद्योग प्रतिनिधि शामिल रहे।

भिवाड़ी के उद्योगों ने सरकार के सामने रखीं समस्याएं

बिजली-प्रदूषण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर उठाए मुद्दे

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी



भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) के अध्यक्ष प्रवीण लांबा के नेतृत्व में उद्योग प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में औद्योगिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, बिजली व्यवस्था, अग्निशमन सुविधाएं और आधारभूत ढांचे से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ओला, डिस्कॉम्स राजस्थान की अध्यक्ष एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रावल के समक्ष उद्योगों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के साथ हुई बैठक में कहरानी-चोपांकी क्षेत्र में प्रस्तावित साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र एवं ठोस अपशिष्ट निस्तारण परियोजना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने परियोजना की पारदर्शिता, तकनीकी व्यवहारिकता और वास्तविक भूधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उद्योग पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन परियोजनाओं को व्यावहारिक और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। उद्योग प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान परियोजना स्थल तकनीकी और भौगोलिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं दिखाई देता, जिससे भविष्य में जलभराव, पंपिंग और संचालन लागत जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने परियोजना का तकनीकी पुनर्मूल्यांकन कर इसे औद्योगिक क्षेत्र के मध्य भाग में विकसित करने का सुझाव दिया। बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उद्योग श्रेणीकरण, संचालन सहमति जारी करने में देरी, फ्लो मीटर नोटिसों से होने वाली परेशानियों और स्वच्छ ईंधन परिवर्तन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग भी उठाई गई। रीको के साथ हुई बैठक में सर्कल रेट, रिटेंशन चार्ज, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य शुल्कों में वृद्धि से उद्योगों पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक भार का मुद्दा उठाया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यावरणीय प्रतिबंधों और प्रशासनिक देरी के कारण उद्योग पहले ही प्रभावित हैं, ऐसे में शुल्कों में वृद्धि उद्योगों के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अग्निशमन सुविधाओं की कमी को गंभीर समस्या बताते हुए आधुनिक अग्निशमन वाहनों, नए फायर स्टेशन और त्वरित अग्निशमन प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने की मांग की गई। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के साथ हुई बैठक में 132 केवी नीलम चौक ग्रिड उपकेंद्र के उन्नयन, चोपांकी और कारोली ग्रिड पर ओवरलोडिंग की समस्या, नए 220 केवी ग्रिड उपकेंद्र की स्थापना तथा भूमिगत विद्युत लाइनों के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल में बीआईआईए के मानद सचिव हरीश गौर, सुरेश अग्रवाल और इंदरपाल शर्मा भी शामिल रहे।

भिवाड़ी के उद्यमी जयपुर में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मिले

बीआईआईए ने रीको, डिस्कॉम और प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सामने उठाए उद्योगों के मुद्दे

भास्कर न्यूज | भिवाड़ी

बीआईआईए के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रवीण लांबा के नेतृत्व में जयपुर में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर औद्योगिक, पर्यावरणीय, विद्युत और आधारभूत संरचना से जुड़े मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने रीको, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर उद्योगों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रावल के साथ हुई बैठक में कहरानी-चौपानकी क्षेत्र में प्रस्तावित साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र और ठोस अपशिष्ट निस्तारण स्थल परियोजना का मुद्दा उठाया। एसपीवी गठन में पारदर्शिता, वास्तविक भूधारकों की भागीदारी और परियोजना की तकनीकी व्यवहारिकता पर सवाल उठाए। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि वर्तमान प्रस्तावित स्थल तकनीकी और भौगोलिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है, जिससे भविष्य में जलभराव और संचालन लागत बढ़ने जैसी समस्याएं आ सकती हैं। उद्योगों ने परियोजना स्थल का तकनीकी पुनर्मूल्यांकन कर इसे औद्योगिक क्षेत्र के मध्य भाग में विकसित करने का सुझाव दिया। रीको के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ओला के साथ हुई बैठक में सर्कल रेट, रिटेंशन चार्ज, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य शुल्कों में वृद्धि का मुद्दा उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पर्यावरणीय प्रतिबंधों और प्रशासनिक देरी के कारण उद्योग पहले ही प्रभावित हैं, ऐसे में शुल्क वृद्धि अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ा रही है। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में अग्निशमन संसाधनों की कमी का मुद्दा भी रखा गया। उद्योगों ने आधुनिक फायर टेंडर, सक्रिय अग्निशमन केंद्र और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने की मांग की। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की अध्यक्ष आरती डोगरा के साथ हुई बैठक में 132 केवी नीलम चौक ग्रिड के उन्नयन, चौपानकी और कारोली ग्रिड पर ओवरलोडिंग की समस्या, नए 220 केवी ग्रिड उपकेंद्र की स्थापना, भूमिगत विद्युत लाइनों के लिए फॉल्ट लोकेटिंग मशीन और अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ नियुक्ति की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल में बीआईआईए के सचिव हरीश गौड़, सुरेश अग्रवाल और इंदरपाल शर्मा शामिल रहे।

पर्यावरण, विद्युत, आधारभूत संरचना और नीतिगत मुद्दों को लेकर बैठक

उद्योग क्षेत्र की समस्याओं से जयपुर के अधिकारियों को कराया अवगत

भिवाड़ी @ पत्रिका. भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआइआइए) के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित पर्यावरणीय, विद्युत, आधारभूत संरचना एवं नीतिगत विषयों को लेकर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रीको एमडी सुरेश ओला, जयपुर डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा और आरपीसीबी सदस्य सचिव कपिल चंद्रावल के समक्ष उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव रखे।



भिवाड़ी. जयपुर डिस्कॉम निगम चेयरमैन से मिलते उद्यमी।

आरपीसीबी अधिकारी के साथ हुई बैठक में कहरानी चौपानकी क्षेत्र में प्रस्तावित सीईटीपी परियोजना, एसपीवी गठन की पारदर्शिता, वास्तविक भूधारकों की भागीदारी और परियोजना की तकनीकी व्यवहारिकता के विषय प्रमुखता से उठाए। उद्योगों ने परियोजना स्थल का तकनीकी पुनर्मूल्यांकन कर इसे औद्योगिक क्षेत्र के मध्य भाग में विकसित करने का सुझाव दिया। उद्योग श्रेणीकरण, संचालन सहमति जारी करने में विलंब, फ्लो मीटर नोटिस से उत्पन्न कठिनाइयां और स्वच्छ ईंधन परिवर्तन प्रक्रिया के सरलीकरण जैसे विषय भी उठाए गए। उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं उद्योग-अनुकूल बनाने की मांग रखी गई। रीको के साथ हुई बैठक में सर्किल दर, रिटेंशन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य शुल्कों में वृद्धि से उद्योगों पर पड़ रहे वित्तीय भार को उठाया गया। बैठक में अग्निशमन व्यवस्था की कमी का विषय भी उठाया गया। औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिक अग्निशमन वाहन, सक्रिय अग्निशमन केंद्र और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने की मांग की।

विद्युत निगम चेयरमेन के साथ हुई बैठक में 132 केवी नीलम चौक जीएसएस उन्नयन, चौपानकी एवं कारोली जीएसएस पर अधिक भार की समस्या, नए 220 केवी जीएसएस की स्थापना, फॉल्ट लोकेटर मशीन, तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल में सचिव हरीश गौड़, सुरेश अग्रवाल, इंदरपाल शर्मा उपस्थित रहे।

बीआईआईए के सहयोग से आयकर विभाग ने 'न्यू इनकम टैक्स एक्ट, 2025' पर किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बीआईआईए के सहयोग से आयकर विभाग ने 'न्यू इनकम टैक्स एक्ट, 2025' पर किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बीआईआईए ने बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद, असम के साथ औद्योगिक एवं रोजगार सहयोग की संभावनाओं पर किया व्यापक मंथन

अलवर न्यूज



बीआईआईए भवन में असम के प्रतिनिधिमंडल के साथ रोजगार सहयोग पर मंथन

बोडोलैंड के युवाओं से दूर होगी उद्योगों में मैनपावर की कमी, समस्याओं पर भी चर्चा

भास्कर न्यूज | भिवाड़ी

बीआईआईए द्वारा ज्ञान ज्योति शिक्षा समिति के सहयोग से बीआईआईए भवन में बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद असम के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता, प्रशिक्षण, शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) योजनाओं और रोजगार सृजन के साथ उत्तर-पूर्व भारत में औद्योगिक विस्तार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में बोडोलैंड क्षेत्र की शैक्षणिक और कौशल विकास व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बोडोलैंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में शिक्षित और प्रशिक्षित युवा उपलब्ध हैं, जिन्हें भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में अवसर दिए जा सकते हैं। इस दौरान कुशल श्रमिकों की उपलब्धता और उद्योगों की वर्तमान चुनौतियों पर भी सकारात्मक बातचीत हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर-पूर्व भारत में निवेश के अनुकूल माहौल और आधारभूत सुविधाओं की जानकारी साझा की।

दोनों क्षेत्रों के लिए लाभकारी होगा सहयोग



संवाद कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

संघ अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि भिवाड़ी के उद्योगों को निरंतर कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता रहती है। बोडोलैंड क्षेत्र के साथ यह सहयोग दोनों क्षेत्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और उद्योगों को प्रशिक्षित कार्यबल। सचिव हरीश गौड़ ने असम के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। कार्यक्रम में बीआईआईए के संरक्षक रामप्रकाश, संरक्षक सतेंद्र सिंह चौहान, ज्ञान ज्योति शिक्षा समिति से संजय चौहान, बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद के प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा विभाग के विशेष कार्याधिकारी नित्य विनोद बारी, शिक्षा निदेशक जे. पी. ब्रह्मा और जनता महाविद्यालय सेरफांगुरी के सह-प्राध्यापक धाल कुंबुर नाजरी उपस्थित रहे।

इनकम टैक्स एक्ट पर हुई कार्यशाला, नए अधिनियम को बनाया गया सरल



भिवाड़ी. कार्यशाला में उपस्थित उद्यमी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

भिवाड़ी–बोडोलैंड के बीच औद्योगिक सहयोग पर मंथन

संवाद सहयोगी, जागरण • भिवाड़ी : औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा देने के उद्देश्य से भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) की ओर से ज्ञान ज्योति शिक्षा समिति के सहयोग से बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीआर), असम के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच औद्योगिक सहयोग, कौशल विकास, शिक्षुता योजनाओं और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।



भिवाड़ी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद के प्रतिनिधि व बीआईआइए पदाधिकारी • जागरण

बीआईआईए के संरक्षक रामप्रकाश व सतेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा, ज्ञान ज्योति शिक्षा समिति के संजय चौहान सहित अन्य उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा विभाग के विशेष कार्याधिकारी नित्य विनोद बारी, शिक्षा निदेशक जेपी ब्रह्मा तथा जनता महाविद्यालय, सेरफांगुरी के सह-प्राध्यापक धाल कुंबुर नाजरी प्रमुख रूप से शामिल हुए। बोडोलैंड क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों और कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बोडोलैंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवा उपलब्ध हैं, जिन्हें देश के विभिन्न औद्योगिक केंद्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने शिक्षुता संवर्धन योजनाओं के माध्यम से उद्योगों और युवाओं को जोड़ने पर भी जोर दिया। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लाम्बा ने कहा कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र को लगातार प्रशिक्षित एवं कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता रहती है। ऐसे में बोडोलैंड क्षेत्र के साथ सहयोग दोनों क्षेत्रों के लिए लाभकारी साबित होगा।

भिवाड़ी-बोडोलैंड के बीच औद्योगिक साझेदारी को लेकर नई पहल

रोजगार, कौशल विकास और निवेश को लेकर बीआईआईए व बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक



भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान)

बीआइआइए और बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद के बीच हुई बैठक

औद्योगिक एवं रोजगार सहयोग की संभावनाओं पर किया मंथन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भिवाड़ी. बैठक में उपस्थित।

बीआईआईए और बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद के बीच औद्योगिक एवं रोजगार सहयोग पर मंथन



बीआईआईए में आईटीएमएस आउटरीच कार्यशाला आयोजित, उद्यमियों को डिजिटल कर सेवाओं की दी जानकारी



बीआईआईए में आईटीएमएस आउटरीच कार्यशाला आयोजित, उद्यमियों को डिजिटल कर सेवाओं की दी जानकारी

भिवाड़ी टाइम्स

भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)। भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) के सभागार में बुधवार को राज्य कर विभाग, राजस्थान की ओर से आईटीएमएस आउटरीच कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योगों एवं करदाताओं को विभाग की नवीन डिजिटल पहलों तथा कर संबंधी ऑनलाइन सेवाओं से अवगत कराना और कर अनुपालन को सरल एवं सुविधाजनक बनाना रहा। कार्यशाला में महेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त, सर्किल-बी एवं नीतू सिंह राठौड़, उपायुक्त, सर्किल-सी सहित राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने आईटीएमएस पोर्टल की विभिन्न सुविधाओं एवं करदाताओं के लिए उपलब्ध डिजिटल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आईटीएमएस पोर्टल के माध्यम से करदाता अपने टैक्स प्रोफाइल का 360 डिग्री दृश्य एक ही स्थान पर देख सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से कर संबंधी विभिन्न जानकारियों एवं सेवाओं तक आसान



पहुंच उपलब्ध होगी। साथ ही, आरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की सुविधा के बारे में भी उद्यमियों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान ई-टैक्स अधिकारी (ईटीओ) मॉड्यूल, ऑनलाइन सेवाओं, पंजीकरण, रिटर्न दाखिल करने एवं भुगतान प्रक्रिया सहित डिजिटल माध्यम से कर अनुपालन को सरल एवं पारदर्शी बनाने वाली विभिन्न सुविधाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। उद्यमियों द्वारा कर संबंधी विभिन्न विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। इस अवसर पर सुनील कुमार, सहायक आयुक्त, सर्किल-बी, मुबारिक खान, सहायक आयुक्त, वेद प्रकाश, सहायक आयुक्त, अनिल कुमार, राज्य कर अधिकारी तथा हनुमान गुर्जर, वरिष्ठ राज्य कर अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बीआईआईए की ओर से अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के जागरूकता एवं संपर्क कार्यक्रम उद्योगों और राज्य कर विभाग के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के साथ-साथ कर अनुपालन को सरल बनाने और व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में बीआईआईए के मानद संरक्षक सतींदर सिंह, अध्यक्ष प्रवीण लांबा, मानद सचिव हरिश गौर, उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज एवं संजय खन्ना सहित सीए आर.के. गुप्ता, सरजीत यादव, ओम कौशिक, सुकुमार पात्रा, रोबिन मित्तल एवं सुशीत जागिड़ सहित अनेक उद्योग प्रतिनिधि एवं बीआईआईए सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उद्यमियों को डिजिटल कर सेवाओं की दी गई जानकारी



बीआईआईए में आईटीएमएस आउटरीच कार्यशाला आयोजित

उद्यमियों को डिजिटल कर सेवाओं की दी जानकारी

टैक्स प्रोफाइल के 360 डिग्री व्यू सहित ऑनलाइन भुगतान और रिटर्न प्रक्रिया को समझाई सुविधाएं



बीआईआईए ने कैलाश चौधरी उप पुलिस अधीक्षक, भिवाड़ी के सम्मान में विदाई समारोह किया आयोजित

भिवाड़ी(भिवाड़ी टाइम्स)।

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा कैलाश चौधरी , उप पुलिस अधीक्षक, भिवाड़ी के विदाई के अवसर पर एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर कैलाश चौधरी के कार्यकाल के दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान एवं सेवाओं के लिए उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर मानद संरक्षक रामप्रकाश गर्ग, सतेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रवीण लांबा, , मानद सचिव हरीश गौड़ , कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, , संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल एवं विपिन चौधरी, उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज एवं गिरिश शर्मा, बीआईआईए के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं उद्योग जगत के



प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में वक्ताओं ने कैलाश चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भिवाड़ी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उद्योग जगत एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके व्यवहार, कार्यशैली, तत्परता एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रशंसा की।

बीआईआईए के अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि कैलाश चौधरी का कार्यकाल भिवाड़ी के लिए सकारात्मक एवं यादगार रहा है। उन्होंने उद्योगों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशासन एवं पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहयोग दिया। उन्होंने कैलाश चौधरी के उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

मानद सचिव हरीश गौड़ ने भी कैलाश चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान बीआईआईए एवं पुलिस प्रशासन के बीच निरंतर संवाद एवं सहयोग की भावना बनी रही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कैलाश चौधरी अपने आगामी दायित्वों में भी इसी समर्पण और कर्मठता के साथ कार्य करेंगे। समारोह के दौरान बीआईआईए की ओर से कैलाश चौधरी को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके सुखद, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन कैलाश चौधरी के प्रति आभार एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।

BIIA in NEWS

BHIWADI INTEGRATED INDUSTRIES ASSOCIATION
BHIWADI (REGD.)

अलवर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

भिवाड़ी : बीआईआईए ने डीएसपी कैलाश चौधरी का किया गरिमामय विदाई समारोह

भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान) इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) ने उप पुलिस अधीक्षक कैलाश चौधरी के विदाई अवसर पर गुरुवार को एक गरिमामय समारोह आयोजित किया। समारोह में औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान और सेवाओं के लिए सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर मानद संरक्षक रामप्रकाश गर्ग, सतंदर सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रवीण लांबा, मानद सचिव हरीश गौड़, कोषाध्यक्ष सुकेश शर्मा, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल व विपिन चौधरी, उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज व गिरिश शर्मा सहित बीआईआईए के अनेक पदाधिकारी, सदस्य और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कैलाश चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भिवाड़ी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उद्योग जगत और स्थानीय नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके व्यवहार, कार्यशैली, तत्परता और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सभी ने प्रशंसा की। बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि बीआईआईए और पुलिस प्रशासन के बीच निरंतर संवाद भिवाड़ी के लिए सकारात्मक साबित हुआ है। उन्होंने उद्योगों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशासन और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहयोग दिया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। मानद सचिव हरीश गौड़ ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान बीआईआईए और पुलिस प्रशासन के बीच निरंतर संवाद और सहयोग की भावना बनी रही। उन्होंने विश्वास जताया कि कैलाश चौधरी अपने आगामी दायित्वों में भी इसी समर्पण और कर्मठता के साथ कार्य करेंगे। समारोह के दौरान बीआईआईए की ओर से कैलाश चौधरी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और सुखद, सफल व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन आभार और शुभकामनाओं के साथ हुआ।



BIIA ने डीएसपी कैलाश चौधरी को दी विदाई, औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर समन्वय के लिए सराहा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी,

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (BIIA) की ओर से उप पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी कैलाश चौधरी के विदाई अवसर पर गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों, एसोसिएशन पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों और सेवाओं के लिए सम्मान किया। समारोह में मानद संरक्षक रामप्रकाश गर्ग, सतेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रवीण लांबा, मानद सचिव हरीश गौड़, कोषाध्यक्ष सुकेश शर्मा, संस्थापक सदस्य सुरेश अग्रवाल एवं विपिन चौधरी, उपाध्यक्ष आर.के. भारद्वाज एवं गिरिश शर्मा सहित BIIA के पदाधिकारी, सदस्य और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कैलाश चौधरी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भिवाड़ी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ उद्योग जगत और स्थानीय नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली, तत्परता और सहयोगात्मक व्यवहार की उपस्थित सदस्यों ने प्रशंसा की। BIIA अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि कैलाश चौधरी का कार्यकाल भिवाड़ी के लिए सकारात्मक और यादगार रहा। उन्होंने उनकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर लगातार संवाद और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहयोग किया। उन्होंने कैलाश चौधरी के उज्ज्वल भविष्य और आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। मानद सचिव हरीश गौड़ ने भी कैलाश चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में BIIA और पुलिस प्रशासन के बीच निरंतर संवाद और सहयोग की भावना बनी रही। उन्होंने विश्वास जताया कि चौधरी अपने आगामी दायित्वों में भी इसी समर्पण और कर्मठता के साथ कार्य करेंगे। समारोह के दौरान BIIA की ओर से कैलाश चौधरी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए सुखद, सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन आभार एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।

वैश्विक मंच, वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस का ऐतिहासिक सम्मेलन मुंबई में आयोजित होगा



भिवाड़ी (भिवाड़ी राजस्थान)।

बीआईआईए समागम में भिवाड़ी के औद्योगिक संगठनों बीआईआईए, केकेआईए, बीसीसीआई, लघु उद्योग भारती (सलाहकार इकाई), व्यापार मंडल, राजस्थान व्यापार संगठन, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सोनलंज, रीको एरिया बस एसोसिएशन, महिला एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बड़ी बैठक हुई। बैठक में मुंबई में 18, 19 और 20 दिसंबर को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) 2026 के सम्मेलन का विषय है 'समानं व्रतं सह चित्तम्' – अर्थात साझा संकल्प, सामूहिक इच्छाएं। इस सम्मेलन में भारत और विश्व के 50 देशों के 6,500 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लांबा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक सभा नहीं, बल्कि एक वैश्विक मंच है, जहां हिंदू समाज की चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की दिशा पर खुलकर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संगठनों की भागीदारी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हिंदू समाज की कई चिंताएं सीधे तौर पर आर्थिक सुरक्षा, रोजगार, व्यापार और सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में 60 से अधिक देशों के 6500 से ज्यादा प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। पूर्व सम्मेलनों में यह संख्या लगभग आधी थी। इससे साफ है कि हिंदू समाज की एकजुटता और वैश्विक सोच में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। बैठक में बताया गया कि इस सम्मेलन में 18 से 20 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के प्रमुख सत्रों में हिंदू समाज के सामने मौजूद चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें धर्म, संस्कृति, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हिंदू समाज आज पहले की तुलना में अधिक दृश्यमान और प्रभावशाली है। इस अवसर पर श्याम मनोहर, ओमप्रकाश मित्तल, कार्यक्रम संयोजक रामप्रकाश गर्ग, सह संयोजक सीए आरके गुप्ता, विपिन चौधरी और बीआईआईए अध्यक्ष प्रवीण लांबा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुंबई में होगा वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस, भिवाड़ी में तैयारियों को लेकर हुआ मंथन

संवाद सत्यार्थी, जागरण • भिवाड़ी: विश्व हिंदू कांग्रेस-2026 की तैयारियों के लिए भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीआईआईए) सभागार में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्व हिंदू कांग्रेस के प्रणेता एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री स्वामी विज्ञानानंद की अध्यक्षता में हुई। स्वामी विज्ञानानंद ने बताया कि वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी)-2026 का आयोजन 18, 19 और 20 दिसंबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस बार सम्मेलन की थीम 'समानं व्रतं सह चित्तम्' रखी गई है, जिसका अर्थ साझा संकल्प और सामूहिक दृढ़ता है। सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों से हिंदू नेता, विचारक, उद्यमी, नीति-निर्माता, शिक्षाविद्, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सम्मेलन में सात समानांतर क्रियगत सम्मेलन होंगे, जिनमें वर्ल्ड हिंदू इकोनामिक फोरम, हिंदू एजुकेशन कान्क्लेव, हिंदू मीडिया कान्क्लेव, हिंदू पालिटिकल कान्क्लेव, हिंदू युथ कान्क्लेव और हिंदू आर्गेनाइजेशनल कान्क्लेव शामिल हैं। इन मंचों पर हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जएगा।

उन्होंने बताया कि पिरामल ग्रुप के चेयरमैन अजय पिरामल को डब्ल्यूएचसी-2026 का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस का आयोजन 2014 में दिल्ली, 2018 में शिकागो और 2023 में बैंकाक में हुआ था। बैठक में अन्य प्रमुख उपस्थितियों में श्याम मनोहर और ओमप्रकाश मित्तल शामिल थे।

भिवाड़ी से कार्यक्रम के संयोजक रामप्रकाश गर्ग, सह संयोजक सीए आरके गुप्ता, भिवाड़ी जिला संघ चालक विपिन चौधरी सहित बीआईआईए, केकेआईए, बीसीसीआई, लघु उद्योग भारती, व्यापार मंडल, हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिकल व्यापार संगठनों, शैक्षणिक एवं चिकित्सक संगठनों, महिला एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एमएसएमई के लिए दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम-सह-प्रदर्शनी का आयोजन



